# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, शुक्रवार, 11 अप्रैल 2025

संवत 2082, चैत्र शुक्लपक्ष 13 – मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 216, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ भौतिक चकाचौंध व सोशल मीडिया से बढ़ रहे रिश्तों के कत्ल

फर्जी निकली किंग में दीपिका के होने की खबर ◂◂ 6


### कोडरमा घाटी के पास ट्रक-कार में भीषण टक्कर

# एक ही परिवार के छह लोग घायल, तीन गंभीर

संवाददाता

**कोडरमा :** जिले के ताराघाटी में ट्रक और कार के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। इस घटना में एक ही परिवार के छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही हैं, जिसे रिम्स रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार नवादा के रहने वाले श्रीकांत कुमार अपने माता-पिता,



पत्नी और दो बेटियों के साथ अपनी कार से धनबाद जा रहे थे। इसी दौरान ताराघाटी के पास कोडरमा की ओर से आ रहे ट्रक से उनकी कार की जोरदार टक्कर हो गई और इस घटना में कार सवार सभी लोग घायल हो गए।

घटना के बाद हाईवे पेट्रोलिंग पुलिस के द्वारा सभी घायलों को सदर अस्पताल लाया गया। फिलहाल इस घटना में घायल हुए तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही हैं, जिसे चिकित्सकों ने रांची स्थित रिम्स रेफर कर दिया है। इधर पुलिस अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

गौरतलब है कि 18 किलोमीटर की कोडरमा घाटी में कई ऐसे मोड़ हैं। जहां अक्सर हादसे देखने को मिलती हैं। जिसे देखते हुए कोडरमा घाटी में चालकों को यातायात नियमों का पालन कर संयम के साथ वाहन चलाने की सलाह दी जाती है।

> घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। वहीं, ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कारवाई की जा रही है
>
> **अरविंद कुमार, कोडरमा थाना प्रभारी**

### इंडिगो फ्लाइट में भारी टबुर्लेंस, आधे घंटे हवा में हिचकोले खाता रहा विमान

# यात्रियों की अटकी सांसें

संवाददाता

**रांची :** दिल्ली एयरपोर्ट से दोपहर 1:20 बजे इंडिगो की फ्लाइट ने उड़ान भरी, लेकिन फ्लाइट में बैठे लोगों को क्या मालूम था कि उनके साथ क्या होने वाला है। दरअसल, यह विमान दिल्ली से रांची जा रहा था। दिल्ली से करीब 350 किलोमीटर दूर पहुंचने पर दोपहर 2:20 बजे अचानक खराब मौसम के कारण विमान करीब 30 मिनट तक 40 हजार फीट की ऊंचाई पर लड़खड़ाने लगा।

जैसे ही प्लेन हिलने लगा उसी वक्त यात्री घबरा गए। यात्रियों को लग रहा था कि आज उनका इस दुनिया में आखिरी दिन है। सभी यात्रियों के चेहरे के रंग उड़ गए। पूरे विमान में चीख-पुकार मच गई और यात्रियों के साथ-साथ क्रू मेंबर्स भी घबरा गए। विमान के बाहर





> **यह 30 मिनट का अनुभव हमारे लिए कभी न भूलने वाला बन गया**
>
> यात्रियों ने बताया कि यह उनके जीवन का सबसे डरावना उड़ान अनुभव था। विमान के हिलने से कई यात्री भयभीत हो गए और ऐसा महसूस हुआ जैसे यह उनकी जिंदगी का आखिरी दिन हो। यात्रियों ने बताया कि यह 30 मिनट का अनुभव हमारे लिए कभी न भूलने वाला बन गया।

विजिबिलिटी शून्य हो गई थी। क्रू मेंबर्स ने लोगों की हिम्मत दी। कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है। आप सभी शांति बनाए रखें और हमारी टीम का सहयोग करें। हालांकि बाद में विमान सुरक्षित लैंड कर गया जिससे यात्रियों और क्रू मेंबर्स ने राहत की सांस ली और भगवान का शुक्रिया अदा किया।

# हाथ-पैर में हथकड़ी, कमर में जंजीर एनआईए की कस्टडी में दिखा तहव्वुर राणा

एजेंसी

**नई दिल्ली :** 26/11 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा को अमेरिका से प्रत्यर्पण के बाद भारत लाया गया। कैलिफोर्निया के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट में अमेरिकी मार्शलों ने उसे भारत के विदेश मंत्रालय के अधिकारियों को सौंपा। इस दौरान राणा के हाथों और पैरों में हथकड़ी और कमर में जंजीर लगी हुई थी। अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा जारी तस्वीरों में उसका चेहरा नहीं दिख रहा है क्योंकि तस्वीर पीछे से ली गई है।

एनआईए ने दिल्ली एयरपोर्ट पर राणा को गिरफ्तार किया और उसे विशेष विमान से दिल्ली लाया गया। इसके बाद उसे पटियाला हाउस कोर्ट स्थित





एनआईए की विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां अदालत ने उसे 18 दिन की एनआईए हिरासत में भेज दिया।

तहव्वुर राणा पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक है और 26/11 हमलों के सिलसिले में भारत में वांछित रहा है। मुंबई पुलिस द्वारा 2023 में दायर आरोपपत्र के अनुसार, वह पवई के एक होटल में ठहरा था और एक गवाह के साथ दक्षिण मुंबई के व्यस्त इलाकों को लेकर चर्चा करता देखा गया था। बाद में इन्हीं स्थानों–ताज होटल, ओबेरॉय, लियोपोल्ड कैफे, चबाड हाउस और सीएसटी स्टेशन–पर पाकिस्तानी आतंकियों ने हमला किया था, जिसमें 166 लोगों की जान गई थी।

## जमीन विवाद में युवक ने की भाई की हत्या

**खूंटी :** जिले में हत्या का एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। जिसमें एक शख्स अपने ही भाई की धारदार हथियार से हत्या कर खुद ही थाना पहुंचकर पुलिस को जानकारी दी कि उसने हत्या कर दी है, उसे गिरफ्तार कर लिया जाए। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इसकी पुष्टि खूंटी के डीएसपी वरुण रजक ने की है। डीएसपी ने बताया कि शुक्रवार को मारंगहादा थाना क्षेत्र के गड़ामड़ा गांव में जमीन विवाद को लेकर दो सगे भाइयों ने मिलकर अपने ही गोतिया भाई की धारदार हथियार से काटकर हत्या कर दी। मृत शख्स की पहचान गांगू मुंडा के रूप में की गई है।आरोपी ने खुद मारंगहादा थाना पहुंचकर सरेंडर किया और पूरी घटना की जानकारी पुलिस को दी। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर शव को बरामद किया और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है।

### माफिया अतीक के करीबियों पर पुलिस का ऑपरेशन हंटर

# लग्जरी कारों सहित 11 गाड़ियां सीज

एजेंसी

**प्रयागराज :** माफिया डॉन अतीक अहमद के करीबियों और उसके गिरोह के सदस्यों के खिलाफ प्रयागराज कमिश्नरेट पुलिस ने एक बार फिर शिकंजा कस दिया है। ऑपरेशन हंटर के तहत गुरुवार देर रात पुलिस की कई टीमों ने अतीक से जुड़े अपराधियों के ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। इस सघन अभियान के दौरान लग्जरी कार समेत कुल 11 गाड़ियों को सीज किया गया, जिससे गैंग से जुड़े लोगों में खलबली मची रही।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, पिछले कुछ समय से शहर में अतीक गैंग से जुड़े अपराधियों और अन्य हिस्ट्रीशीटरों की



सक्रियता काफी बढ़ गई थी। ये अपराधी न केवल शहर की शांति व्यवस्था में खलल डाल रहे थे, बल्कि लग्जरी गाड़ियों से सड़कों पर आतंक मचाते थे। तेज रफ्तार और लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए दूसरे वाहनों को टक्कर मारने और विरोध करने पर आम लोगों को डराने-धमकाने की कई शिकायतें पुलिस को मिल रही थीं।

इन शिकायतों का संज्ञान लेते हुए डीसीपी सिटी अभिषेक भारती ने शहर जोन में ऑपरेशन हंटर शुरू करने का निर्देश दिया। इसके लिए एसओजी, सर्विलांस सेल और विभिन्न थानों के तेज-तर्रार पुलिसकर्मियों की कुल 10 विशेष टीमें गठित की गई हैं। डीसीपी ने इन टीमों को वांछित अपराधियों की धरपकड़, हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी और अन्य सक्रिय अपराधियों के खिलाफ कड़ी निरोधात्मक कार्रवाई करने का लक्ष्य दिया। इसी कड़ी में, गुरुवार रात पुलिस टीमों ने मरियाडीह, सिलना, नसीरपुर, भीटी, कसारी-मसारी, चकिया, झूंसी, करेली समेत शहर के कई इलाकों में एक साथ छापेमारी शुरू की। कई घंटों तक चले इस सर्च ऑपरेशन में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की गहन जांच की गई। इस दौरान कई गाड़ियों पर नंबर प्लेट नहीं मिली, जबकि कुछ पर अवैध हूटर और काली फिल्म लगी पाई गई। नियमों का उल्लंघन करने वाली ऐसी 11 गाड़ियों को पुलिस ने मौके पर ही सीज कर दिया। पुलिस का कहना है कि अपराधियों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# वाराणसी पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी : फ्लाइट से उतरते ही अधिकारियों से ली रेप कांड की जानकारी, सख्त कार्रवाई का दिया निर्देश

- वाराणसी में 3,880 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण और शिलान्यास

एजेंसी

**वाराणसी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे हैं। इस दौरान उतरते ही उन्होंने दुष्कर्म की घटना की जानकारी अधिकारियों से ली है।



साथ ही ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न होने के निर्देश दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश सरकार के आठ साल पूरे होने के बाद पहली बार शुक्रवार को काशी पहुंचे। वह बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचे और वहां से हेलीकॉप्टर से मेहंदीगंज स्थित जनसभा स्थल के लिए रवाना हुए।

जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वाराणसी दौरे के दौरान एयरपोर्ट पर उतरते ही वाराणसी के पुलिस आयुक्त, मंडलायुक्त और जिलाधिकारी से कुछ दिन पूर्व शहर में घटी एक दुष्कर्म की घटना के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उनके द्वारा सभी दोषियों को चिह्नित करते हुए उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने हेतु और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इस हेतु व्यापक व्यवस्थाएं करने हेतु निर्देशित किया। प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, जिला प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना, नगर विकास मंत्री एके शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने किया। ज्ञात हो कि पीएम मोदी के जारी कार्यक्रम के अनुसार वह वाराणसी में 3,880 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री वाराणसी में सड़क संपर्क बढ़ाने के क्रम में विभिन्न सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी इसके अलावा वाराणसी रिंग रोड और सारनाथ के बीच एक सड़क पुल, भिखारीपुर और मंडुआडीह क्रॉसिंग पर फ्लाईओवर और वाराणसी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एनएच-31 पर 980 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से एक राजमार्ग अंडरपास सड़क सुरंग की आधारशिला भी रखेंगे।

### शेयर बाजार में तूफानी तेजी

# सेंसेक्स 1000 अंक से ज्यादा उछला निवेशकों पर हुई पैसों की बारिश

एजेंसी

**मुंबई :** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन, शुक्रवार (11 अप्रैल, 2025) को भारतीय शेयर बाजार में जबरदस्त उछाल देखने को मिल रहा है। बाजार खुलते ही निवेशकों में खरीदारी की भारी होड़ दिखी, जिससे प्रमुख सूचकांकों ने लंबी छलांग लगाई।

**ट्रंप के फैसले की खबरों का असर?**

बाजार में इस जोरदार तेजी को लेकर आ रही कुछ रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा दुनिया भर के देशों पर लगाए गए टैरिफ को 90 दिनों के लिए रोकने के कथित फैसले की खबर के बाद वैश्विक स्तर पर सकारात्मक माहौल बना, जिसका असर भारतीय बाजार पर भी दिखा।

**बाजार का मौजूदा हाल:** आज सुबह बाजार खुलते ही बीएसई का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स करीब 1,000 अंकों की बढ़त के साथ 74,956.53 पर खुला। खबर लिखे जाने तक (सुबह करीब 9:55 बजे) सेंसेक्स 1.70 फीसदी यानी 1200 अंकों से ज्यादा की मजबूती के साथ 75,101.19 के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी जोरदार तेजी दिखाते हुए 375.60 अंक (1.68 प्रतिशत) चढ़कर 22,774.75 के स्तर पर पहुंच गया।



> **टॉप गेनर्स**
>
> सेंसेक्स पैक में सबसे ज्यादा तेजी टाटा स्टील के शेयर में देखी जा रही है। टाटा स्टील का शेयर 5.23 फीसदी की जबरदस्त बढ़त के साथ 133.85 रुपये पर ट्रेड कर रहा है। इसके अलावा जेएसडब्ल्यू स्टील, हिंडाल्को और सिप्ला के शेयरों में भी भारी खरीदारी देखने को मिल रही है। बाजार की इस तूफानी तेजी से निवेशकों के चेहरे खिल उठे हैं।

**मेटल और फार्मा शेयरों में भारी खरीदारी :** यह तेजी चौतरफा देखने को मिल रही है, लगभग सभी सेक्टोरल इंडेक्स हरे निशान में हैं। विशेषकर मेटल और फार्मा सेक्टर के शेयरों में निवेशकों की भारी दिलचस्पी दिख रही है और इन सेक्टर्स में जोरदार उछाल है। सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 25 शेयर बढ़त के साथ कारोबार कर रहे हैं, जबकि केवल 5 शेयरों में गिरावट है।

# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का चेन्नई दौरा

- एआईएडीएमके नेताओं से करेंगे मुलाकात

एजेंसी

**चेन्नई :** तमिलनाडु में साल 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार सुबह चेन्नई पहुंचे। उनके इस दौरे का उद्देश्य तमिलनाडु विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा और एआईएडीएमके के गठबंधन को फिर से मजबूत करने के लिए अहम चर्चा करना है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का भाजपा के तमिलनाडु अध्यक्ष के. अन्नामलाई, केंद्रीय राज्य मंत्री



एल. मुरुगन और वरिष्ठ नेता तमिलिसाई सुंदरराजन, नैनार नागेंद्रन और पोन राधाकृष्णन ने चेन्नई हवाई अड्डे पर स्वागत किया। अमित शाह द्वारा शुक्रवार दोपहर में गिंडी के एक निजी होटल में मीडिया को संबोधित करने की भी उम्मीद है। सूत्रों ने पुष्टि की है कि भाजपा नेता अमित शाह, एआईएडीएमके के महासचिव और पूर्व मुख्यमंत्री एडप्पादी के. पलानीस्वामी और द्रविड़ पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करेंगे। इन चचाओं से गठबंधन को औपचारिक रूप देने में निर्णायक भूमिका निभाने की उम्मीद है। अपनी यात्रा के दौरान गृह मंत्री अमित शाह भाजपा और आरएसएस के नेताओं के साथ कई उच्च स्तरीय बैठक भी करेंगे।

जिन प्रमुख हस्तियों से अमित शाह की मुलाकात की संभावना है, उनमें से एक आरएसएस के जाने-माने विचारक और तुगलक पत्रिका के संपादक एस. गुरुमूर्ति हैं। यह यात्रा शाह की हाल ही में नई दिल्ली में ईपीएस के साथ हुई बैठक के बाद हो रही है। उस बैठक में ईपीएस के साथ एआईएडीएमके के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री एसपी. वेलुमणि और के.पी. मुनुसामी भी थे। इस मुलाकात ने दोनों दलों के फिर से एक होने की अटकलों को हवा दी थी। भाजपा-एआईएडीएमके गठबंधन सितंबर 2023 में टूट गया था। इसका मुख्य कारण के. अन्नामलाई द्वारा सीएन. अन्नादुरई (अन्ना) और जे. जयललिता जैसे प्रतिष्ठित द्रविड़ नेताओं के खिलाफ दिए गए विवादास्पद बयानों से उपजे तनाव को माना जा रहा है। इन टिप्पणियों ने एआईएडीएमके नेतृत्व को बहुत परेशान किया और गठबंधन टूटने का कारण बना। उल्लेखनीय रूप से गठबंधन ने 2021 के विधानसभा चुनावों में महत्वपूर्ण परिणाम दिए थे। भाजपा ने चार सीटें जीती थीं और एआईएडीएमके ने 66 सीटें हासिल की थीं। हालांकि, अन्नामलाई को राज्य भाजपा अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के बाद संबंध खराब हो गए। गठबंधन टूटने का असर 2024 के लोकसभा चुनावों में भी दिखाई दिया, जहां दोनों दलों को बड़ी असफलताओं का सामना करना पड़ा। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, आरएसएस पदाधिकारियों ने जमीनी स्तर पर समन्वय और अभियान रणनीतियों के लिए पर्याप्त समय सुनिश्चित करने को लेकर साल 2026 के चुनावों से पहले किसी भी गठबंधन को औपचारिक रूप देने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया है।

## लापता युवक का शव तालाब से बरामद

**रांची :** अनगड़ा थाना क्षेत्र के रहने वाले एक युवक का शव तालाब से बरामद किया गया है। रिजवान अंसारी नाम का युवक आठ अप्रैल से गयाब था, परिजनों ने अंसारी की हत्या की आशंका जताई है। मामले को लेकर परिजनों के द्वारा हंगामा भी किया गया। ज्ञात हो रिजवान अंसारी आठ अप्रैल से ही अपने घर से गायब था। शुक्रवार की सुबह गांव के ही तालाब में एक शव होने की सूचना मिली, जिसके बाद अनगड़ा पुलिस और रिजवान के परिजन तालाब पहुंचे, तालाब से जो शव बरामद हुआ वह रिजवान अंसारी का ही निकला। 32 वर्षीय रिजवान अंसारी आठ अप्रैल से गायब था, रिजवान की गुमशुदगी को लेकर परिजनों ने थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज करवाई थी।

## न्यूज ब्रीफ

### बेकाबू कार ने स्कूटर सवार दंपत्ति को पहले मारी टक्कर, दोनों की मौत

**जमशेदपुर :** जिले में एक भीषण सड़क हादसा हुआ है जिसमें 1 महिला समेत 2 लोगों की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।
घटना जिले के इस्पात नगरी के बाहरी इलाके में एमजीएम पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले बड़ाबांकी गांव के पास हुई। बताया जा रहा है कि दुर्घटना में मारे गए दोनों लोग पारडीह में अपने कार्यस्थल पर जा रहे थे। वे स्कूटर पर सवार थे, तभी तेज गति से आ रही एक बस ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्कूटर को टक्कर मारने के बाद बस चालक मौके से भागने की कोशिश कर रहा था और इसी क्रम में स्कूटर को 4 किलोमीटर तक घसीटता ले गया। पुलिस ने बस को रोक लिया, लेकिन चालक भागने में सफल रहा। बस ओडिशा जा रही थी। गंभीर रूप से घायल दोनों लोगों को एमजीएम अस्पताल भेजा गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतकों की पहचान राजेश सोरेन और अंजना महतो के रूप में हुई है, जो जमशेदपुर के बिरसानगर के निवासी थे।

### आकाशीय बिजली गिरने से चार की मौत आंधी, बारिश और ओलों ने मचाई तबाही



**हजारीबाग :** राज्य में बारिश से लोगों को गर्मी से राहत की सांस मिली है, लेकिन हजारीबाग में बारिश के दौरान वज्रपात की चपेट में आकर 4 लोगों की मौत हो गई।
जानकारी के मुताबिक 1 की मौत चुराचु प्रखंड में हुई, जबकि 3 लोगों की मौत पदमा प्रखंड के पदमा गांव में हुई। सभी मृतकों की उम्र 30 से 32 साल के बीच बताई जा रही है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि परिवार के लोग भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना करने गए थे और आज यानी शुक्रवार को रजरप्पा स्थित छिन्नमस्तिका मंदिर में पूजा करने जाने वाले थे। इसके लिए बलि के लिए बकरा खरीदने गए थे। इस दौरान तेज बारिश शुरू हो गयी और तीनों लोगों पर आकाशीय बिजली गिर गई, जिससे तीनों की मौत हो गई। वहीं, चुराचु प्रखंड में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से अन्य युवक की भी जान चली गई।
झारखंड में बीते गुरुवार की भारी ओलावृष्टि से सड़कें, खेत और मैदान बर्फ से ढक गए। ओले गिरने से फसलें बुरी तरह प्रभावित हो गईं। बारिश, ओलावृष्टि और बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई। तेज हवाओं के कारण कई पेड़ उखड़ गए, जिससे कुछ इलाकों में यातायात बाधित हो गया। राज्य के धनबाद, हजारीबाग और कोडरमा समेत कई स्थानों पर ओलावृष्टि हुई, जिससे खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा है।
12 अप्रैल तक पूरे राज्य में गरज, वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावनाः मौसम विभाग के मुताबिक 12 अप्रैल तक पूरे राज्य में गरज, वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक पूरे राज्य में कुछ स्थानों पर गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश होगी। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी भी चलेगी। मौसम विभाग ने लोगों से इस दौरान सावधान रहने की अपील की गई है। लोगों से बाहर न निकालने की अपील की है।

### डीवीसी केटीपीएस में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**कोडरमाः** डीवीसी केटीपीएस में 10 अप्रैल 2025 को वार्षिक व्यावसायिक स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन मनोज कुमार ठाकुर, मुख्य महाप्रबंधक एवं एचओपी एवं संजय कुमार सिन्हा वरिष्ठ महाप्रबंधक (ओएंडएम) द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर सफलतापूर्वक किया गया। शिविर का कुशल समन्वय डॉ एएम मिश्रा, डॉ परमवीर कुमार और उनकी समर्पित चिकित्सा टीम द्वारा किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें शामिल हैं। एपी लाल, टी धारा, पीके दास, रंजीत कुमार, मानव संसाधन (केटीपीएस) कौशिक रॉय, आशिम अमिताभ परिदा, संजय खुजूर, डीके सिंह, और कुलदीप राम, केटीपीएस सुरक्षा हलदर, भोला बर्मन, और श्रीकांत सामंत, यह पहल डीवीसीयन के स्वास्थ्य, कल्याण और नियमित निगरानी के प्रति हमारी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### टांगी से मारकर घायल करने का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

रामगढ़ः थाना क्षेत्र के बिजुलिया किसान नगर निवासी सुनील मोदी ने रामगढ़ थाना में आवेदन दिया है। आवेदन में कहा गया है कि नौ अप्रैल को अनिल मोदी, गौतम कुमार, शिवा कुमार व गुलशन कुमार के साथ अन्य लोगों ने गाली-गलौज करते हुए मेरे साथ मारपीट की है। इस दौरान उन लोगों ने लाठी डंडा, रड व टांगी से हमला किया। गौतम कुमार ने मेरे सिर पर टांगी से हमला किया है। जिससे मेरा सर फट गया। सदर अस्पताल रामगढ़ में चिकित्सकों के द्वारा सात टांका लगाया गया है। सुनील मोदी ने कहा है कि आठ अप्रैल को भी उनलोगों के द्वारा मेरे घर आकर खोजबीन की गयी थी। घर पर मेरे नहीं रहने पर महिलाओं के साथ गाली-गलौज व बदतमीजी की गयी थी। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले का अनुसंधान शुरू कर दिया है। ।।नव प्राथमिक विद्यालय तोपा न्यू माईनस में चोरी कुजू। नव प्राथमिक विद्यालय तोपा न्यू माईनस की प्रधानाध्यापक कमल राज व अध्यक्ष मोनिका देवी ने चोरी होने को लेकर कुजू ओपी में आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि गत 6 अप्रैल की रात्रि चोरों ने विद्यालय से करीब 2 क्विंटल चावल, एक गैस सिलेंडर, एक गैस चूल्हा, बच्चो के खाने वाले प्लेट सहित अन्य सामग्री चोरी करके ले गये। उन्होंने पुलिस से छानबीन कर कार्रवाई की मांग की है।

### मुख्यमंत्री से युवा इंडिया ट्रस्ट की टीम ने की मुलाकात

# हर कदम पर हम देंगे साथः हेमंत सोरेन

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से युवा इंडिया ट्रस्ट की टीम ने मुख्यमंत्री आवास में मुलाकात की। ट्रस्ट ने मुख्यमंत्री को बताया कि रांची के ओरमांझी इलाके में वे गरीब बच्चियों के लिए शिक्षा, जीवन कौशल (लाइफ स्किल) और फुटबॉल प्रशिक्षण से जुड़े कार्यक्रम चला रहे हैं। मुख्यमंत्री ने ट्रस्ट के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सरकार राज्य की बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए हर स्तर पर सहयोग करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि राज्य की बच्चियों को आगे बढ़ने के लिए हर जरूरी सुविधा और प्रोत्साहन दिया जाएगा।
खेलों के प्रति बच्चों का लगाव, सरकार दे रही समर्थनः मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के बच्चे-बच्चियों में खेलों के प्रति गहरी रुचि है। राज्य सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रही है। हर पंचायत में खेल मैदान बनाए जा रहे हैं और खिलाड़ियों को अच्छी ट्रेनिंग देने की व्यवस्था की जा रही है।



उन्होंने कहा कि राज्य की पहचान खेलों के क्षेत्र में तेजी से बन रही है। सिमडेगा और खूंटी जैसे दूर-दराज के इलाकों में बच्चे कम संसाधनों के बावजूद हॉकी और फुटबॉल में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार फुटबॉल की बड़ी प्रतियोगिता आयोजित करने की योजना पर भी काम कर रही है।
बच्चियों से सीधा संवाद, सीखे जीवन के मूल मंत्रः मुख्यमंत्री ने फुटबॉल की ट्रेनिंग ले रही बच्चियों से सीधा संवाद किया और उनके अनुभवों को जाना। बच्चियों ने बताया कि ट्रस्ट से जुड़ने के बाद उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में आगे बढ़ने का मौका मिल रहा है। कुछ बच्चियां देश-विदेश में फुटबॉल प्रतियोगिताओं में भी भाग ले चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने बच्चियों को सलाह दी कि ऊंची उड़ान भरनी है तो बड़े सपने जरूर देखें। उन्होंने कहा कि चुनौतियों से घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि अपने लक्ष्य पर ध्यान देकर मेहनत करनी चाहिए।
600 बच्चियां ले रही फुटबॉल ट्रेनिंग, नया कैंपस भी बनेगाः ट्रस्ट के निदेशक श्री फ्रांज गैसलर ने बताया कि ओरमांझी में तीन प्रमुख कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। स्कूल, फुटबॉल ट्रेनिंग और लाइफ स्किल वर्कशॉप्स। सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन भी इन कार्यक्रमों में सहयोग कर रहा है। करीब 600 बच्चियों को फुटबॉल की ट्रेनिंग दी जा रही है और यहां की कई बच्चियां अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन कर चुकी हैं।
उन्होंने यह भी बताया कि ट्रस्ट खूंटी जिले में एक नया कैंपस शुरू करने की योजना बना रहा है। मुख्यमंत्री ने उन्हें सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। इस मौके पर ट्रस्ट के निदेशक श्री फ्रां गैसलर, चाइल्ड डेवलपमेंट ऑफिसर निहारिका, युवा स्कूल की प्रिंसिपल श्रुति, लाइफ स्किल प्रोग्राम की को-ऑर्डिनेटर अंकिता और कई बच्चियां मौजूद थीं।

### मंत्री सुदिव्य कुमार ने किया खेल परिसरों का निरीक्षण, कहा

## प्रदेश में खेल सुविधाओं को मिलेगी रफ्तार

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार झारखंड के खिलाड़ियों को बेहतर ट्रेनिंग और संसाधन देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। सरकार का लक्ष्य है कि हमारे खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर राज्य और देश का नाम रोशन करें। इसी दिशा में खेलकूद, युवा कार्य, कला-संस्कृति और पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने गुरुवार को रांची के कई खेल परिसरों का दौरा किया और वहां चल रही तैयारियों का जायजा लिया।
उन्होंने सबसे पहले मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम का निरीक्षण किया और सैफ एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्टेडियम की सभी जरूरी सुविधाओं को जल्द ठीक किया जाए और जिला प्रशासन से फुटबॉल ग्राउंड का हैंडओवर



लेकर तुरंत काम शुरू किया जाए। इसके बाद उन्होंने मोरहाबादी इंडोर बैडमिंटन स्टेडियम का भी दौरा किया और कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन द्वारा पहले दिए गए निर्देशों को प्राथमिकता के साथ जल्द पूरा किया जाए।
मंत्री ने हाई परफॉर्मेंस सेंटर का निरीक्षण कर वहां लगे फिटनेस उपकरणों और तकनीकी सुविधाओं की जांच की और खिलाड़ियों से बातचीत करके उनकी जरूरतों की जानकारी ली। इसके अलावा, मंत्री सुदिव्य कुमार ने खेलगांव परिसर में बने एथलेटिक्स स्टेडियम, इंडोर स्टेडियम और बैडमिंटन स्टेडियम का भी निरीक्षण किया।
उन्होंने झारखंड राज्य खेलकूद प्रोत्साहन सोसाइटी (जेएसएसपीएस) के अधिकारियों के साथ बैठक कर अब तक हुए काम की जानकारी ली और संस्था की योजनाओं की प्रेजेंटेशन भी देखी। उन्होंने साफ कहा कि खेलगांव परिसर का कायाकल्प जल्द पूरा हो ताकि यहां भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं आसानी से कराई जा सकें। निरीक्षण के दौरान खेल विभाग के कई अधिकारी भी मौजूद रहे।

## मंईयां योजना की राशि नहीं मिलने से टूटा महिलाओं के सब्र का बांध

### कार्यालय के सामने किया जमकर हंगामा

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**जमशेदपुरः** राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई मंईयां सम्मान योजना से काफी महिलाओं को लाभ मिल रहा है, लेकिन कुछ महिलाएं ऐसी भी हैं जो योजना के लाभ से वंचित हैं। अब उन महिलाओं के सब्र का बांध टूट रहा है। योजना लाभ न मिलने पर जमशेदपुर प्रखंड कार्यालय के सामने काफी संख्या में महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया।
महिलाओं ने राज्य सरकार के खिलाफ की नारेबाजीः इस दौरान महिलाओं ने कहा कि सभी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने के बावजूद अब तक योजना का लाभ नहीं मिला है। वे कई महीनों से प्रखंड कार्यालय के चक्कर काट रही हैं, परंतु उन्हें हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिलता है। हाल ही में कुछ लाभार्थियों को तीन माह की 7500 रुपये की राशि




प्रदान की गयी है, लेकिन अभी भी बड़ी संख्या में महिलाएं योजना के लाभ से वंचित हैं। महिलाओं ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि यदि सरकार वास्तव में महिला सशक्तिकरण चाहती है, तो सभी पात्र लाभुकों को बिना भेदभाव के योजना का लाभ मिलना चाहिए।
महिलाओं ने राज्य सरकार से की अपील : महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जायेगा। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने राज्य सरकार से अपील की है कि योजना की पारदर्शिता सुनिश्चित की जाये और सभी पात्र महिलाओं को शीघ्र लाभ प्रदान किया जाए, ताकि वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। आक्रोशित महिलाओं ने कुछ देर के लिए हाता-टाटा मुख्य मार्ग को अवरुद्ध कर दिया, जिससे आवागमन ठप हो गया। महिलाओं का कहना था कि महीनों से वे ब्लाक कार्यालय के चक्कर काट रही हैं, किंतु उनकी व्यथा सुनने वाला कोई नहीं।

## देर रात तक चला राइजिंग पाइपलाइन की लीकेज की मरम्मत का काम

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**मैथनः** धनबाद शहरी जलापूर्ति योजना अंतर्गत शहर में होने वाली जलापूर्ति से जुड़ी राइजिंग पाइपलाइन में लीकेज की मरम्मत का काम गुरुवार की देर रात तक जारी रहा। मैथन से धनबाद के भेलाटांड़ तक पहुंचने वाले रॉ वाटर को रोकने के लिए एजेंसी मेसर्स अभय कुमार सिन्हा की ओर से शटडाउन लेकर राइजिंग पाइपलाइन में लीकेज की मरम्मत की गयी। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारियों ने देर रात तक मेंटेनेंस कार्य पूरा करने का दावा किया है। अधिकारियों के अनुसार शुक्रवार की सुबह मैथन स्थित इंटकवेल का मोटर चलेगा। वहीं शाम तक धनबाद के भेलाटांड़ स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक पानी पहुंचने की संभावना है। ऐसे में शुक्रवार को



भी शहर की जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। पेयजल विभाग के अधिकारियों ने शहरी क्षेत्र के 19 जलमीनारों में कुछ से आंशिक जलापूर्ति होने की संभावना जतायी है। बता दें कि मैथन-धनबाद जलापूर्ति योजना के तहत शहर के 19 जलमीनार से पेयजल सप्लाई की व्यवस्था है। इन जलमीनारों से पांच लाख से ज्यादा की आबादी की प्यास बुझती है। जलापूर्ति ठप होने से गुरुवार को पांच लाख से ज्यादा की आबादी पानी की बूंद-बूंद के लिए तरस गयी।
राइजिंग पाइपलाइन से धनबाद तक पहुंचता हैं पानीः बता दें कि धनबाद शहरी क्षेत्र में मैथन डैम का पानी राइजिंग पाइपलाइन के जरिए पहुंचता है। मैथन से धनबाद के बीच राइजिंग पाइपलाइन में 200 से ज्यादा जगहों पर लीकेज थी। शटडाउन के दौरान उसे दुरुस्त किया गया। वहीं जगह-जगह पुराने व क्षतिग्रस्त वॉल्व समेत अन्य उपकरणों को बदलने के साथ अवैध कनेक्शन को बंद किया गया।
इन जलमीनारों से ठप रही जलापूर्ति
गोल्फ ग्राउंड, पुराना बाजार, मटकुरिया, मनईटांड़, बरमसिया, वासेपुर, हीरापुर, स्टील गेट, एसएनएमएमसीएच, धनसार, मेमको, भूली, पॉलिटेक्निक, पुलिस लाइन, वासेपुर, चीरागोड़ा, हिल कॉलोनी, जोड़ाफाटक व भूदा।
टैंकर व बोतल बंद पानी मंगवाकर लोगों ने चलाया कामः सप्लाई का पानी नहीं आने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। सुबह से शाम तक लोग पानी आने का इंतजार करते रहे। वहीं घर का जरूरी काम करने के लिए लोगों को टैंकर व बोतल बंद पानी मंगवाना पड़ा। शहर की बड़ी आबादी को प्यास बुझाने के लिए चापानलों का सहारा लेना पड़ा। शुक्रवार को भी जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। ऐसे में लोगों को शुक्रवार को भी पेयजल संकट का सामना करना पड़ेगा।

## अनुरंजन खलखो की पत्नी को ओबीएस के 4.5 लाख का चेक सौंपा गया



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची :** सीसीएल के महाप्रबंधक (उत्खनन) सुबोध कुमार ने सीसीएल ऑफिसर्स बेनवॉलेंट सोसाइटी के तहत स्व। अनुरंजन श। खलखो, पूर्व मुख्य प्रबंधक (उत्खनन) की पत्नी रश्मि टोप्पो को 4।5 लाख (चार लाख पचास हजार रुपये मात्र) का चेक प्रदान किया। बताते चलें की स्व। खलखो सीसीएल के सीआरएस, बरकाकाना में कार्यरत थे। उनका देहांत विगत वर्ष 2 मार्च, 2025 को हो गया था। इस अवसर पर सीसीएल ओबीएस के उपाध्यक्ष राजीव रंजन शर्मा, महा सचिव आलोक कुमार त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष श्री कल्याण कुमार बिस्वास सहित सीसीएल ओबीएस के विनय कुमार शंकर एवं सुरेंद्र प्रताप सिंह एवं अन्य उपस्थित थे।

## प्रभात फेरी में दिया जीओ और जीने दो का संदेश



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रामगढ़ :** गोमिया में श्री दिगंबर जैन समाज द्वारा जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के कल्याणक महोत्सव पर बैंकमोड़ में खीर वितरण किया गया। इस अवसर पर जैन मंदिर में नमोकार आराधना पाठ किया गया और सुबह में प्रभात फेरी निकाली गयी। इस दौरान भगवान महावीर के संदेश जीओ और जीने दो, विश्व शांति अहिंसा से होगी व अन्य नारे लगाये गये। संजय जैन और मनोज जैन ने कहा कि महावीर जयंती जैन समाज के लिए आस्था और प्रेरणा का पर्व है। भगवान महावीर का संदेश अहिंसा परमो धर्मः केवल धार्मिक नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों की नींव है। मौके पर धर्मचंद जैन, मानिक चंद जैन, विजय कुमार जैन, राजेंद्र जैन, सुभाष जैन, सुरेश कुमार जैन, संजय जैन सेठी, अनिल जैन,मनोज जैन, राजेश जैन, राजीव जैन, शैलू गंगवाल, शैलेश जैन, सन्नी जैन, विमल जैन, मुकेश जैन, बिनोद जैन, शर्मिला जैन, नीरज जैन, रूबी सेठी, आशा देवी, रश्मि जैन, वर्षा जैन, तृप्ति जैन, ईशा जैन, प्रिवी जैन, प्रियंका जैन, आया जैन व अन्य शामिल थे।

## सड़क चौड़ीकरण में अनियमितता के खिलाफ सड़क पर उतरे देवेंद्रनाथ महतो, पुलिस पहुंची

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**मुरी :** ग्राम सभा से अनुमति प्राप्त किए बगैर एवं ग्रामीणों को विश्वास में लिए बिना ही भूमि अधिग्रहण किया जा रहा है। ग्रामीण काफी गुस्से में थे बिना अधिकारी नोटिस जारी किए बगैर ग्रामीण के रैती जमीन को सड़क चौड़ीकरण के नाम पर मिट्टी भर रहे हैं । इस पर ग्रामीणों ने बैठक की । जिसमें जिला परिषद वीणा देवी हाकेदाग मुखिया हरिपद मांझी, पिस्का पंचायत के मुखिया सोमरा मांझी, पंचायत समिति सदस्य अनिल टाइगर, प्रेम शाही मुंडा बैठक में हिस्सा लिए, इसके अलावा जेकेएलएम के नेता देवेन्द्र कुमार महतो ने इसके खिलाफ सड़क चौड़ीकरण के निरीक्षण करते हुए प्रोजेक्ट कार्यालय में पहुंचे। जहां प्रोजेक्ट कार्यालय में कार्य को लेकर अनियमितता एवं विसंगतिया पायी गई। जिसमें अधिनियम 2013 के धारा 11, धारा 19, धारा 21, धारा 37, मुआवजा का प्रावधान है लागु नहीं किया गया, वहीं स्थानीय समाचार पत्र में गजट प्रकाशन किए बिना पिछले 6 माह से लगभग 333 करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट कार्य




चल रहा है। इस सड़क चौड़ीकरण कार्य अनियमितता से ग्रामीणों में भारी आक्रोश के साथ बैठक हाकेदाग पंचायत के टेटेबंदा में हुई। देवेन्द्र नाथ महतो ने बताया कि कंपनी कर्मचारी ग्रामीणों के बीच कबूल किया किया कि सरकारी नियमानुसार कार्य डिटेल्स बोर्ड नहीं लगाया गया है और पिछले 6 माह से लगभग 333 करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट कार्य प्रगति पर है। रैयतों के भूमि का सरकारी नियमानुसार अधिग्रण नहीं किया गया है भूमि सरना स्थल लोदामू का अतिक्रमण, नियमानुसार स्थानीय दो समाचार पत्र में गजट प्रकाशन भी नहीं किया गया है। स्थानीय रैयत को आधिकारिक नोटिस नहीं दिया गया है, ग्राम सभा की अनुमति भी नहीं ली गयी है। इससे साफ प्रतीत होता है कि सरकारी फंड का बंदरबांट किया जा रहा है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कंपनी के खिलाफ जमकर हल्ला बोल किया। विधि व्यवस्था नियंत्रण को लेकर स्थानीय सिल्ली थाना प्रभारी आंदोलन स्थल पहुंचे। सर्वसहमति के बाद अधिकारियों के मोजुदगी में विधिवत सभी अर्हता पूरी नहीं होने तक चौड़ीकरण कार्य स्थगित रखने का निर्णय लिया गया।

# झारखंड के तीन दिवसीय दौरे पर आज रांची आयेगें मुख्य निर्वाचन आयुक्त

## अलका तिवारी और डीजीपी के साथ करेंगे चर्चा

**संवाददाता**

रांचीः मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार आज यानी शुक्रवार को झारखंड के तीन दिवसीय दौरे पर आएंगे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कुमार आज शाम रांची पहुंचने के बाद मुख्य सचिव अलका तिवारी और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता के साथ चर्चा करेंगे।



झारखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के. रवि कुमार ने कहा कि सीईसी शनिवार को रामगढ़ में 55 स्वयंसेवकों से बातचीत करेंगे, जिन्होंने लोकसभा और विधानसभा चुनावों में भाग लिया था। उन्होंने कहा, ह्लइन स्वयंसेवकों ने पिछले साल हुए चुनावों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। कुमार ने कहा कि रविवार को सीईसी रांची में बूथ-स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) से मिलेंगे और दूरदराज के क्षेत्रों में उनके प्रयासों को समझेंगे।

कुमार ने कहा कि वह चुनाव के दौरान घरेलू सर्वेक्षण, बीएलओ ऐप, मतदान समय प्रबंधन और अन्य संबंधित मामलों में बीएलओ के अनुभवों के बारे में भी जानेंगे। पिछले साल 19 अप्रैल से 1 जून तक सात चरणों में लोकसभा चुनाव हुए थे। झारखंड में चार चरण में आम चुनाव हुए थे, जिसकी शुरूआत 13 मई से हुई थी। चार जून को मतगणना हुई थी। पिछले साल 13 नवंबर और 20 नवंबर को दो चरणों में झारखंड में विधानसभा चुनाव हुए थे और मतगणना 23 नवंबर को हुई थी।

# झारखंड की पहचान बिनोद बाबू को मिले सम्मान : अबुआ अधिकार मंच

### रांची में बिनोद बिहारी महतो चौक के नामकरण और प्रतिमा स्थापना की मांग को लेकर अबुआ अधिकार मंच ने नगर विकास मंत्री से की मुलाकात



**रांचीः** राजधानी रांची में झारखंड आंदोलन के जननायक बिनोद बिहारी महतो के योगदान को स्थायी स्वरूप देने की पहल में अबुआ अधिकार मंच के प्रतिनिधिमंडल ने नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार (सोनू जी) से उनके आवासीय कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की।

प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री महोदय के समक्ष यह मांग रखी कि रांची के किसी प्रमुख चौक का नाम बिनोद बिहारी महतो चौक किया जाए एवं वहाँ उनकी आदमकद प्रतिमा स्थापित की जाए, ताकि राज्य की नई पीढ़ी उनके संघर्षों से प्रेरणा ले सके।प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे सोनू सिंह ने कहा कि बिनोद बाबू केवल एक राजनीतिक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि झारखंड की आत्मा हैं। उनकी प्रतिमा रांची में स्थापित करना केवल श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत होगा। जब तक यह कार्य पूरा नहीं होता, अबुआ अधिकार मंच का संघर्ष जारी रहेगा।

मंत्री सुदिव्य कुमार ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और प्रस्ताव को प्रशासनिक प्रक्रिया में लाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इस दिशा में सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी।इस प्रतिनिधिमंडल में अभिषेक शुक्ला, अनुज झा, बिपिन कुमार यादव, आकाश नयन, सुमित कुमार, विशाल कुमार यादव सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता प्रिया रानी का रांची आगमन पर हुआ भव्य स्वागत



**मेट्रो रेज/रांची :** लायंस क्लब ऑफ रांची हरिकनक ग्रेटर के अध्यक्ष एमजेएफ.लायन राजेश केडिया की अध्यक्षता मे सुप्रीम कोर्ट की वरीय अधिवक्ता लायन प्रिया रानी का रांची आगमन पर रांची एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर रीजन चेयर पर्सन रीजन 2 ए डिस्ट्रिक्ट 322 ए एम.जे.एफ.लायन प्रेम शंकर मिश्रा,लायन अमित मिश्रा, डॉक्टर लायन दीपक कुमार, लायन दीपक कुमार साहू,लायन शिव किशोर शर्मा,लायन अंकित सर्राफ एवं लायन साकेत अग्रवाल व अन्य मौजूद थे। मौके पर क्लब के प्रवक्ता लायन शिव किशोर शर्मा ने बताया पहले चरण मे अधिवक्ता प्रिया रानी छात्र क्लब ग्रुप रांची द्वारा आयोजित कार्यक्रम मे कानूनन जानकारी देंगें,दूसरे चरण में मां देवड़ी मे मां भगवती जी का दर्शन कर लायंस क्लब,जमशेदपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम जमशेदपुर मे भाग लेंगे।

# नेत्र जांच शिविर में 200 लोगों की हुई जांच

- मोतियाबिंद से ग्रसित 20 लोगों का होगा निःशुल्क ऑपरेशन

**मेट्रो रेज**

**रांची :** लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल एवं भगवान महावीर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में जनहित में आयोजित निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन फिरायलाल चौक रांची मे किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और नेत्र विशेषज्ञों द्वारा अपनी आँखों की जांच करवाई। शिविर में कुल लगभग 200 लोगों की आँखों की जाँच की गई। जांच के दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों ने पाया कि 20 मरीज मोतियाबिंद से ग्रसित हैं। जिन्हें शीघ्र ही निःशुल्क ऑपरेशन हेतु चिन्हित किया गया है। इन मरीजों का ऑपरेशन मेडिका मे किया जाएगा, जिसकी तिथि उन्हें व्यक्तिगत रूप से फोन के माध्यम से सूचित की जाएगी।




शिविर में नेत्र जांच के साथ-साथ मरीजों को दवाइयाँ वितरण तथा नेत्र रोगों से बचाव के उपायों की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम संयोजक मोनिका गोयंका के देख रेख मे सफलतापूर्वक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। क्लब के सदस्यों ने उनकी चिकित्सकीय टीम द्वारा किया गया कार्यो की भूरि -भूरि प्रशंसा की । क्लब के अध्यक्ष अमित शर्मा ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुँचाना है, विशेषकर उन लोगों के लिए जो आर्थिक या भौगोलिक कारणों से नियमित इलाज नहीं करवा पाते। भविष्य में भी समय-समय पर ऐसे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करता रहेगा, ताकि जनसामान्य को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।कैम्प को सफल बनाने में अस्पताल स्टाफ,डॉक्टरों एवं अन्य लोगो का विशेष योगदान रहा। उपरोक्त जानकारी क्लब के प्रवक्ता अल्तमश आलम ने दी।

आज के कार्यक्रम को सफल बनाने मे लायंस क्लब के पूर्व जिलापाल कमल जैन,संस्थापक अध्यक्ष शैलेश अग्रवाल,सचिव मनोज मिश्रा,क्लब एडमिनिस्टर प्रमोद श्रीवास्तव,पीयूष कुमार,चिंटू चौधरी,तलविंदर कौर,बिमल कुमार जैन व अन्य सदस्य मौजूद थे ।

# ग्रामीण योजना बनाएं, पूरा हम करेंगे : अमित

### वृद्ध महिला ने किया पुलिया ओर गार्डवाल निर्माण कार्य का शिलान्यास



**राहे :** प्रखंड क्षेत्र के लोवाहातू पंचायत अंतर्गत खाटँगा गांव में गुरूवार देर शाम विधायक अमित महतो के उपस्थिति में वृद्ध महिला पार्वती देवी ने पुलिया ओर गार्डवाल निर्माण कार्य का शिलान्यास किये। जिला परिषद के द्वारा 70 लाख की लागत से पुलिया ओर गार्डवाल का निर्माण होना है। इस दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुये विधायक ने कहा की गांव की योजना ग्रामीण बनाये पूरा हम करेंगें।योजनाओ के संचालन में पारदर्शिता लाये ओर भ्रष्टाचार के खिलाफ ग्रामीण आगे आए। मौके पर जिला परिषद सदस्य बादल महतो, प्रखंड अध्यक्ष पशुपति अहीर, राजू कुमार महतो,अमिष कुमार, किसलय महतो, मनोरंजन महतो व अन्य मौजूद थे।

# आयोजन सह स्वागत समिति की बैठक संपन्न

**मेट्रो रेज**

**रांची :** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत हरमू स्थित झामुमो के केंद्रीय कार्यालय (कैंप) में आयोजन सह स्वागत समिति की बैठक आहूत हुई। उक्त बैठक में आसन्न 13वें केंद्रीय महाधिवेशन में शामिल होने वाले प्रतिनिधियों के हर प्रकार के परेशानी रहित सुविधाओं, आवासन, स्वागत इत्यादि बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। उक्त बैठक में आयोजन सह स्वागत समिति के सदस्य विनोद कुमार पांडेय, सुप्रियो भट्टाचार्य, चमरा लिंडा, नन्द किशोर मेहता, अभिषेक प्रसाद पिंटू, प्रो. अशोक कुमार सिंह, मनोज कुमार पांडेय, डॉ. महुआ माजी, विकास सिंह मुंडा एवं मुस्ताक आलम उपस्थित हुए






# पत्नी के साथ देवघर पहुंचे मुख्यमंत्री

**विनय मिश्रा**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं गांडेय विधायक कल्पना सोरेन का देवघर एयरपोर्ट पर आगमन हुआ। इस दौरान मौके पर देवघर विधायक सुरेश पासवान, उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी विशाल सागर, पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुंगडूग के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। इसके पश्चात एयरपोर्ट परिसर में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

## एसजीआरएस अकादमी में प्रेरणादायक सत्र

# सक्षम बन स्वयं संवारने खुद का भविष्यः डॉ.अभिषेक

**मेट्रो रेज**

**रांची/टाटीसिल्वेः** खेलगांव स्थित एसजीआरएस अकेडमी के छात्रों के लिए मोटिवेशनल सेशन (प्रेरणादायक सत्र) का आयोजन किया गया।




इस अवसर पर राजधानी रांची के जाने-माने नेत्र चिकित्सक व मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. अभिषेक कुमार सिंह ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विषम परिस्थितियों में भी धैर्य और साहस के साथ जीवन पथ पर सतत अग्रसर रहें। हिम्मत न हारें। उन्होंने कहा कि निराशा के बाद भी आशा की किरणें प्रस्फुटित होती है। असफलता के बाद सफलता भी मिलती है। डॉ.सिंह ने युवाओं को संदेश दिया कि आपके विकास में चाहे सरकार,समाज या माता-पिता मदद करने में सक्षम हैं कि नहीं, यह महत्वपूर्ण नहीं हैं, बल्कि आपको खुद का भविष्य संवारने में स्वयं सक्षम होने और प्रयासरत रहने की जरुरत है। अपना भविष्य खुद संवारें। युवा अपना भविष्य स्वयं गढ़ें, यह एक ऐसा संदेश है जो युवाओं को अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करने और अपने भविष्य को आकार देने के लिए प्रेरित करता है। अकादमी के छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आपके पास शक्ति है। आपके पास अपने जीवन को बदलने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की ऊर्जा है। इसका सदुपयोग करें। सफलता आपके कदम चूमेगी। आपके सपने और लक्ष्य सच हो सकते हैं, अगर आप उन्हें प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें।

उन्होंने कहा कि जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कई विकल्प हैं। इसका चयन कर आगे बढ़ते रहें। आपके परिवार, मित्र और समुदाय से आपको समर्थन मिल सकता है, जो आपको अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक हो सकता है। डॉ.अभिषेक ने कहा कि आपके पास अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कई अवसर हैं। उन अवसरों को पहचानें।

इन संदेशों को आत्मसात कर युवा अपने भविष्य को आकार देने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल हो सकते हैं।

इस अवसर पर डायरेक्टर हरनाम सिंह, सह निदेशक मो.जमाल , प्रखर वक्ता सह सामाजिक कार्यकर्ता अमित कुमार, एसजीआरएस अकादमी के प्राचार्य सहित काफी संख्या में अकादमी के छात्र उपस्थित थे।

# प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ की बैठक कल, कई एजेंडो पर होगी चर्चा

**मेट्रो रेज**

**रांचीः** झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं रांची जिला ई रिक्शा चालक यूनियन के अध्यक्ष दिनेश सोनी ने 12 अप्रैल यानी कल दिन के 11:00 बजे स्थान ड्यूक मेंशन लाइन टैंक रोड कार्यालय में बैठक रखा है। बैठक का एजेंडा इस प्रकार से है

1 पांच सूत्री मांग को लेकर दिनांक 28 मार्च 2025 को मुख्यमंत्री परिवहन कमिश्नर एवं आरटीए सचिव को जो ज्ञापन दिया गया था। इस पर चर्चा करना

2 रांची नगर निगम के लापरवाही के कारण रांची शहर में ऑटो स्टैंड हो या बस स्टैंड का निवेद ठेकेदार को दी गई है परंतु रांची नगर निगम द्वारा जो रेट ऑटो के लिए दिया गया है उसके जगह पर

रातू रोड में 2024 में पर ऑटो से 25 रुपया लिया जाता था परंतु आज ऑटो एवं ई-रिक्शा से रातू रोड में 35 रुपया की अवैध वसूली की जा रही है अरगोड़ा चौक में 20 रुपया के जगह में 35 रुपया की वसूली की जा रही है आईटीआई में



20 रुपया के जगह में 35 रुपया लिया जा रहा है हटिया स्टेशन में दिन भर का 100 रुपया एवं रांची स्टेशन में दिन भर का 50 रुपया लिया जाता है इन्हीं सब मुद्दा पर दिनांक 12 अप्रैल 2025 का बैठक में चर्चा करते हुए सभी ऑटो चालक मालिक ई रिक्शा चालक मालिक को मोराबादी मैदान में एक बड़ी बैठक कर उग्र आंदोलन करने का निर्णय लिया जाएगा।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**शुद्धि पत्र**

**विषयः**—ADEN Line/JP Sub-Division-Development of Goods Shed / Freight Terminal with all facilities., **संदर्भः**—टेण्डर नम्बर इन्जी/जेपी/2025—26/03 जो दिनांक 16.04.2025 को खोला जाना है। उपरोक्त कार्य के लिये भारतीय संघ के राष्ट्रपति की ओर से व.मं. इन्जीनियर/समन्वय/ जयपुर कार्यालय द्वारा जो निविदा जारी की गई है, उसकी खुलने की तिथि 16.04.2025 नियत है। उक्त कार्य के शिड्यूल 'बी' के NS-1 में कार्य का विवरण त्रुटिवश छूट गया था जिसे निम्नानुसार समझा जावे। **SOR No.: NS-1, Description of work: SCH-"B"**, Fabricating, supplying and installing of stainless steel water booth made of stainless steel pipe of 150mm dia & 3.15mm thick and stainless steel sheet for basin, minimum thickness of 3mm confirming to grade SS grade-304 or superior including cost of taps & G.I pipe above the PF surface but excluding grating & other items below platform surface as per drawing no. Misc-507/07ANVR including stainless steel base plate of 300x300x12mm, the approximate weight of stainless steel sheet (covered with protective coating) to be used in water booth should be of 116 Kg the finish surface shall be free from any dent/undulation. The item include all accessories equipment, tool & plant, preparation of fabrication drawing all labour & material as a complete job, the hand railing and other horizontal members shall be bent to the correct radius profiles, shapes required by the Engineer-in-charge using the appropriate means without losing the profile of the pipe, nothing extra will be paid whatsoever the case may be., **Unit: Each, Rate: 61324.75, Qty: 03, Amount: 183974.25.**

**406-PS/25** Divl. Rly. Manager (WA)/Jaipur

## सुविचार

**मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता।**

## बाजार में डर

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के टैरिफ वॉर की वजह से वैश्विक मंदी के डर के साथ दुनिया भर में अनिश्चितता का माहौल है। अमेरिकी शेयर बाजार इस कदर खौफजदा है कि पिछले हफ्ते वहां का बेंचमार्क इंडेक्स S&P 500 9.1% गिर गया, जो मार्च 2020 में कोरोना वायरस की दहशत के बाद सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट है। S&P 500 इस साल फरवरी के पीक से 17% से अधिक गिर चुका है। 20% से अधिक गिरावट आने पर बाजार मंदी में चला जाता है। इसका असर सोमवार को दुनिया के दूसरे बाजारों पर भी दिखा। हॉन्गकॉन्ग में बेंचमार्क इंडेक्स 12% से नीचे बंद हुआ, तो ताइवान का बाजार 10% नीचे। जापान का निक्केई 225 इंडेक्स करीब 8% फिसल गया, जबकि दक्षिण कोरिया 5% से नीचे बंद हुआ। भारत में बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी 3% से अधिक फिसला, वह भी तब जबकि इसमें पिछले साल अक्टूबर से ही गिरावट आ रही है। अमेरिका में दशकों से यह ट्रेंड रहा है कि जब भी निवेशक संकट में होते हैं, वहां का केंद्रीय बैंक किसी न किसी तरह की मदद करता आया है, लेकिन इस बार ऐसे कोई संकेत नहीं दिख रहे। अमेरिकी केंद्रीय बैंक के चीफ जेरोम पॉवेल ने पिछले शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी टैरिफ अनुमान से अधिक हैं और उसका अर्थव्यवस्था पर क्या असर होगा, यह समझने में वक्त लगेगा। यानी केंद्रीय बैंक की ओर से कोई मदद नहीं मिलने जा रही। ट्रंप के टैरिफ का दुनिया के दूसरे देशों पर क्या असर होगा, इसका अंदाजा लगने में भी वक्त लगेगा। इसलिए मार्केट के जानकार फिलहाल निवेशकों को इस अनिश्चितता के दूर होने का इंतजार करने की सलाह दे रहे हैं। ब्लूमबर्ग ने सूत्रों के हवाले से बताया कि चीन में अमेरिकी टैरिफ के असर से इकॉनमी को बचाने के लिए शी चिनफिंग सरकार स्टीमुलस पैकेज लाने की सोच रही है। भारत में हाल की तिमाहियों में कंजम्पशन डिमांड पर दबाव दिखा था, जिसमें इधर रिकवरी के संकेत मिले हैं और आने वाले वक्त में इसमें और सुधार होने की उम्मीद है। दूसरी बात यह है कि ट्रंप के टैरिफ का भारतीय अर्थव्यवस्था पर बहुत असर नहीं होगा और इसके असर से बचने के लिए भारत सरकार अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते की बातचीत कर रही है। भारत पर टैरिफ भी दूसरे एशियाई देशों की तुलना में कम लगा है। यहां कुछ दिनों में रिजर्व बैंक की ओर से ब्याज दरों में कटौती की भी उम्मीद है। सरकार के बजट में 12 लाख की आय पर टैक्स छूट और ब्याज दरों में कमी से भी डिमांड को मजबूती मिल सकती है। फिर भी, निवेशकों को जल्दबाजी में कोई फैसला नहीं करना चाहिए।

## राज्यपाल का रोल

तमिलनाडु सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला राज्य और राज्यपालों के बीच लंबे समय से चले आ रहे विवादों के समाधान की दिशा में अहम कदम है। शीर्ष अदालत ने एक बार फिर से राज्यपालों की भूमिका स्पष्ट की है। यह फैसला आने वाले वक्त में एक नजीर बनेगा और उम्मीद है कि टकराव के रास्ते से हटकर राज्य सरकारें और राज्यपाल मिलकर काम करेंगे।

तमिलनाडु सरकार को इसलिए सुप्रीम कोर्ट जाना पड़ा था, क्योंकि राज्यपाल ने कई विधेयक लंबे समय से रोक रखे थे और उन्हें राष्ट्रपति के पास भेजा था। कोर्ट ने इसे अवैध और विधिक रूप से त्रुटिपूर्ण बताया। इसी तरह का विवाद पिछले साल केरल में भी हुआ था। तब राज्य की डेमोक्रेटिक फ्रंट सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में गुहार लगाई थी कि तत्कालीन राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कई बिल दो साल तक लटकाए रखे और फिर उसे राष्ट्रपति के पास भेज दिया। देश की शीर्ष अदालत पहले भी कह चुकी है कि राज्यपाल विधानसभा में पारित किसी विधेयक को हमेशा के लिए अपने पास रोक कर नहीं रख सकते। उन्हें उस पर फैसला लेना ही होगा। अफसोस कि पिछली किसी नसीहत का कोई असर नहीं दिखा। इसी वजह से सुप्रीम कोर्ट को ताजा मामले में वही बातें फिर से दोहरानी पड़ी हैं। फैसले का यह बिंदु बेहद अहम है कि राज्यपालों को किसी बिल पर एक से तीन महीने में फैसला ले लेना चाहिए। देश में राज्य और राज्यपालों के बीच विवाद का इतिहास बहुत पुराना है। मामला केवल विधेयकों को मंजूरी देने तक नहीं है। नियुक्तियां, निर्णय, अधिकार और शक्तियां - कई मुद्दों पर दोनों में टकराव होता रहा है। हाल में इसका सबसे बड़ा उदाहरण पश्चिम बंगाल और दिल्ली रहे। बंगाल की ममता बनर्जी सरकार की पहले जगदीप धनखड़ और अब सीवी आनंद बोस के साथ कभी पटरी नहीं बैठी। वहीं, दिल्ली में अअढ सरकार के कार्यकाल में एलजी के साथ कई बार मतभेद हुए। साल 1959 में गवर्नर की रिपोर्ट पर केंद्र ने केरल की नंबूदरीपाद सरकार को बर्खास्त कर दिया था। वह पहला मामला था, और जब से राज्यपालों की नियुक्तियां राजनीतिक होने लगीं, टकराव बढ़ने लगा। नवंबर 2023 में पंजाब सरकार और राज्यपाल के बीच हुए विवाद की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने बेहद सख्त टिप्पणी करते हुए कहा था, 'हमारा देश स्थापित परंपराओं पर चल रहा है और उनका पालन किया जाना चाहिए।' राज्य का संवैधानिक प्रमुख होने के नाते परंपराओं की सुरक्षा राज्यपाल की ज्यादा जिम्मेदारी है। संविधान में केंद्र और राज्यों के बीच विधायी, कार्यकारी और वित्तीय शक्तियों का स्पष्ट विभाजन किया गया है। राज्यपाल को इनका अनुपालन करना चाहिए।

# भौतिक चकाचौंध व सोशल मीडिया से बढ़ रहे रिश्तों के कत्ल

**देश के अलग-अलग शहरों में हो रही ऐसी हत्याओं ने देश की जनता को पूरी तरह से हिलाकर रख दिया। आखिर ये सिलसिला कहां जकर थमेगा? इन घटनाओं ने सोचने-समझने के लिए मजबूर कर दिया है कि आखिर यह देश किस दिशा में जा रहा है।पिछले कुछ वक्त से देश के अलग-अलग हिस्सों से ऐसी खबरें आ रही हैं, जिनमें पति पत्नी का और पत्नी पति का कत्ल कर देती है।**

**योगेन्द्र योगी**

विश्व को वसुधैव कुटुम्बकम की सीख देने वाले भारत जैसे आध्यत्म और शांति की धरा वाले देश में बढ़ती भौतिक विलासिता की चकाचौंध और सोशल मीडिया का जिन्दगी में बढ़ता दखल, पारिवारिक-सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर रहा है। संबंधों में तकरार और फिर नृशंस तरीके से हत्या जैसे मामलों ने देश को झकझौर कर रख दिया है। मेरठ की मुस्कान ने अपने प्रेमी साहिल के साथ मिलकर अपने पति सौरभ राजपुत की हत्या कर दी। ऐसे ही मुजफ्फरनगर की पिंकी ने अपने आशिक के लिए अपने पति अनुज को जहर पिलाकर मार दिया। रिश्तों में हत्या का ऐसा ही प्रकरण बेंगलुरू में देखने को मिला, वहां के हुलीमावु क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या करके उसकी बॉडी को सूटकेस में भर दिया। देश के अलग-अलग शहरों में हो रही ऐसी हत्याओं ने देश की जनता को पूरी तरह से हिलाकर रख दिया। आखिर ये सिलसिला कहां जकर थमेगा? इन घटनाओं ने सोचने-समझने के लिए मजबूर कर दिया है कि आखिर यह देश किस दिशा में जा रहा है। पिछले कुछ वक्त से देश के अलग-अलग हिस्सों से ऐसी खबरें आ रही हैं, जिनमें पति पत्नी का और पत्नी पति का कत्ल कर देती है। संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय की रिपोर्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2023 में दुनिया भर में कुल 51 हजार 100 महिलाओं और लड़कियों का कत्ल हुआ है। इनमें से 60 फीसदी के करीब कत्ल महिलाओं या लड़कियों के अपने पार्टनर, पति या फैमिली मेंबर ने किया। एक रिपोर्ट कहती है कि देश भर में हर साल औसतन 225 लोगों को उनकी पत्नियां कत्ल कर देती हैं और लगभग 275 पत्नियां अपने पति के हाथों मारी जाती हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में हर ग्यारवें मिनट में एक महिला या लड़की का कत्ल होता है। इनमें से औसतन हर रोज 140 महिलाओं या लड़कियों का कत्ल उनके घर के अंदर होता है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन और लंदन स्कूल ऑफ हाइजिन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन एंड साउथ एफ्रिकन मेडिकल रिसर्च काउंसिल की रिपोर्ट कहती है वर्ष 2022 में दुनिया भर में कुल 48 हजार 800 महिलाओं और लड़कियों के कत्ल हुए थे और इनमें से भी 60 फीसदी से ज्यादा कत्ल पार्टनर, पति या फैमिली मेंबर ने ही किए थे। वर्ष 2022 में ऐसे अपराधों के मामलों में अफ्रीका पहले नंबर पर था और एशिया दूसरे नंबर पर। ऐसे अपराधों में अब 2023 में एशिया पहले नंबर पर है और अफ्रीका दूसरे नंबर पर है। आंकड़ा कहता है कि पार्टनर पति या रिलेशनशिप में दुनिया भर में जितने कत्ल होते हैं, उसकी 58 फीसदी शिकार महिलाएं या लड़कियां होती हैं। लेकिन चौंकाने वाला आंकड़ा ये भी है कि इसी पार्टनर और रिलेशनशिप की वजह से 42 फीसदी पुरुषों का भी कत्ल होता है। अर्थात यह अंतर ज्यादा नहीं है। ब्रिटिश मेडिकल जनरल लेनसेट में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 60 फीसदी महिलाओं के कत्ल मौजूदा या फिर पूर्व पार्टनर की वजह से होती है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया भर में महिलाओं के कत्ल का सबसे ज्यादा खतरा उन्हीं के मौजूदा या पूर्व पार्टनर से ही होता है। जबकि पूर्व या मौजूदा महिला पार्टनर के हाथों पुरुषों के कत्ल का प्रतिशत सिर्फ साढ़े 6 फीसदी है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के मुताबिक देश में हर साल कितने पति अपनी पत्नी का या पत्नी अपने पति का कत्ल करती हैं। एनसीआरबी के 2022 के आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि इश्क और रिश्तों में लोग अब जान नहीं देते बल्कि जान लेते हैं। भारत में जिन वजहों से सबसे ज्यादा कत्ल होते हैं। उनमें लव अफेयर और शादी के बाद संबंधों के मामलों में होने वाला कत्ल तीसरे और चौथे नंबर पर आता है। देश में होने वाले हर 10 में से औसतन एक कत्ल किसी ना किसी आशिक-माशूक या पति-पत्नी के हाथ से ही होता है। आंकडों के मुताबिक पूरे देश में कुल 28 हजार 522 कत्ल के मामले सामने आए। ये तमाम कत्ल 19 अलग अलग वजहों से हुए। मसलन, निजी दुश्मनी, सांप्रदायिक और धार्मिक वजह, राजनीतिक वजह, डायन प्रथा, जातिवाद, विवाद, या लूट-डकैती। परेशान करने वाली बात यह है कि इन 19 वजहों में से तीसरी और चौथी नंबर पर कत्ल की जो वजह बनी वो इश्क, धोखा, फरेब और शादी के बाद के संबंध थे। 28 हजार 522 कत्ल के कुल मामलों में से कुल 2 हजार 821 कत्ल इसी वजह से हुए। ऐसा नहीं है कि इश्क में पहले कत्ल नहीं हुआ करते थे। पहले भी आशिकों ने हाथों में खंजर या तमंचे उठाए हैं। लेकिन 2010 के बाद से पति-पत्नी, इश्क, बेवफाई और अवैध संबंध की वजह से होने वाले कत्ल की तादाद तेजी से बढ़ी। पिछले 15 सालों के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो साफ पता चलता है कि जैसे जैसे सोशल मीडिया का चलन बढ़ा पति पत्नी के रिश्ते, शादी के बाद के संबंध और इश्क और खूनी होता चला गया। आंकड़ों के हिसाब से 2010 से 2014 के दरम्यान लव अफेयर और संबंधों की वजह से होने वाले कत्ल का प्रतिशत 7 से 8 फीसदी था। लेकिन 2015 से 2022 के दरम्यान ये बढ़कर 10 से 11 फीसदी हो गया। ये गिनती लगातार बढ़ती जा रही है। एनसीआरबी के डेटा के मुताबिक 2022 में देशभर में खुदकुशी के कुल 17 हजार 924 केस दर्ज हुए थे। जिनमें से अकेले शादी से जुड़े मामलों में 8 हजार 204 पति या पत्नी ने खुदकुशी की। जबकि इश्क के चलते 7 हजार 692 प्रेमी जोड़ों में से किसी एक ने खुदकुशी कर ली। इसके अलावा अवैध संबंधों की वजह से भी 855 लोगों ने खुदकुशी की। एनसीआरबी के अलावा नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के एक आंकड़ें के मुताबिक 4 फीसदी शादीशुदा महिलाओं ने ये माना है कि वो अपने पति को शारिरिक तौर पर चोट पहुंचाती है। इसी तरह स्टडी ऑफ इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पॉपुलेशन साइंस (आईआईपीएस) की एक रिपोर्ट के मुताबिक नौकरीपेशा महिलाएं जो पैसे कमाती हैं और मोबाइल का इस्तेमाल करती हैं, अपने पति से ज्यादा झगड़ती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक महिलाओं की जैसे जैसे उम्र बढती जाती है वो अपने पति से ज्यादा झगड? लगती हैं। जबकि पति के मामले में ये उल्टा है। पति की उम्र जैसे जैस बढ़ती है वो बीवियों से झगड़ा कम करने लगते हैं। आईआईपीएस की ये रिपोर्ट ये भी कहती है कि एकल परिवार में पति पत्नी के बीच हिंसक लड़ाई ज्यादा होती है। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर एक हजार पति में से 29 पति अपनी पत्नियों की हिंसा का शिकार होते हैं।

**(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

# तमिलनाडु में अगले चरण में भाषा विवाद

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु में भाषा को लेकर नया बयान दे दिया है। हो सकता है कि तमिल राजनीति इसका फिर से आक्रामक जवाब दे, लेकिन प्रधानमंत्री के सवाल के बाद तमिल राजनीति के लिए जवाब देना मुश्किल होगा। क्योंकि तमिल का प्रश्न उठाकर एक तरह से प्रधानमंत्री ने तमिल राजनीति को स्थानीयता के ही मुद्दे पर कठघरे में खड़ा करने की कोशिश की है।**

**उमेश चतुर्वेदी**

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन की ओर से उठाए गए भाषा विवाद की गेंद को प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीतिक समझदारी के साथ उनके ही पाले में डाल दी है। तमिलनाडु की हालिया यात्रा में उन्होंने कह दिया कि तमिल राजनेता अपना हस्ताक्षर अंग्रेजी की बजाय तमिल में क्यों नहीं करते। लगे हाथों उन्होंने यहां तक कह दिया कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन को मेडिकल की पढ़ाई तमिल में करानी चाहिए। तमिलनाडु में हिंदी को लेकर विवाद शुरू से ही रहा है, हाल ही में स्टालिन सरकार ने अपना बजट पेश करते वक्त बजट से रूपए के आधिकारिक हिंदी प्रतीक की विदाई और तमिलभाषा वाले प्रतीक का इस्तेमाल किया था। जिस पर हंगामा होना स्वाभाविक है। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु में भाषा को लेकर नया बयान दे दिया है। हो सकता है कि तमिल राजनीति इसका फिर से आक्रामक जवाब दे, लेकिन प्रधानमंत्री के सवाल के बाद तमिल राजनीति के लिए जवाब देना मुश्किल होगा..क्योंकि तमिल का प्रश्न उठाकर एक तरह से प्रधानमंत्री ने तमिल राजनीति को स्थानीयता के ही मुद्दे पर कठघरे में खड़ा करने की कोशिश की है। दक्षिण में तमिलनाडु इकलौता राज्य है, जिसकी राजनीति तकरीबन सभी ज्वलंत मुद्दों पर बनी राष्ट्रीय सहमति से अलहदा कदम उठाती रही है। श्रीलंका के लिट्टे विद्रोहियों का मसला, हिंदी विरोध और लोकसभा सीटों के परिसीमन के मुद्दे, तमिल राजनीति राष्ट्रीय सहमति से अलग सोचती रही है। इस तरह उसने अपना एक अलग तमिल नैरेटिव रचा। रूपए के प्रतीक का तमिलकरण और हिंदी विरोध की ताजा सोच, अतीत के तमिल नैरेटिव का ही विस्तार है। सबसे पहले आज के दौर की राजनीतिक मंशा को समझना जरूरी है। मौजूदा राजनीति का हर नया कदम और नई राजनीतिक नैरेटिव बनाने की कोशिश के परोक्ष और प्रत्यक्ष, दो उद्देश्य हैं। पहला मकसद जहां तुरंत जनभावनाओं को अपने पक्ष में मोड़कर सियासी फायदा उठाना होता है, वहीं इनके सहारे भविष्य के लिए अपनी मजबूत सियासी इमारत खड़ा करना भी रहती है। तमिलनाडु सरकार के हालिया कदमों का तात्कालिक कारण है अगले साल होने वाला विधानसभा चुनाव। इन मुद्दों के जरिए डीएमके अपने पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश कर रही है। चूंकि ये मुद्दे तकरीबन आठ दशकों से डीएमके की राजनीतिक फसल के खाद का काम करते रहे हैं, इसलिए स्टालिन को एक बार फिर इसी पर भरोसा है। संविधान के मुताबिक, भारत भले ही राज्यों का संघ हो, लेकिन राज्यों को राष्ट्रीय मुद्दों से अलग राह, जिनमें अलगाववाद के खतरे हों, किसी भी कीमत आगे बढ़ने की छूट नहीं है। संविधानसभा की बहस के दौरान राज्यों के ऐसे कदमों की आशंका को देखते हुए ही मजबूत केंद्र की अवधारणा को स्वीकार किया गया। इसके बावजूद यदा-कदा कई राज्य राष्ट्रीय सोच से अलग रूख अख्तियार करते रहते हैं। हाल के दिनों में इस कोशिश में पश्चिम बंगाल भी जुड़ा, जहां से राष्ट्रवादी विचारधारा को बल मिला। अरसे से कई मुद्दों पर अलग रूख अख्तियार करते वक्त तमिल राजनीति भारतीयता के अभिन्न अंग तमिल की अवधारणा और संविधान की सोच को दरकिनार करती रही है।तमिलनाडु में हिंदी विरोध 1935 में डीएमके के वैचारिक उभार के साथ ही शुरू हुआ। तब भी यह सोच राष्ट्रीय युगबोध से अलग थी। तमिलनाडु में पहले क्रांतिकारी सोच के नाम पर ब्राह्मण विरोध की शुरूआत हुई, जिसका अगला कदम हिंदी विरोध रहा। अब यह सोच एक तरह से उत्तर भारत विरोध तक पहुंच चुकी है। दिलचस्प यह है कि इसमें कई बार कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टी भी मददगार होती रही है। 2023 के विधानसभा चुनावों में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में बीजेपी और तेलंगाना में कांग्रेस को मिली जीत के बाद नया नैरेटिव गढ़ा गया था। जिसके मुताबिक, गोबर पट्टी के राज्यों को पिछड़ा और दक्षिणी राज्यों को समझदार बताया गया। यानी जो बीजेपी को चुने, वह पिछड़ा और जो कांग्रेस को चुने, वह प्रगतिशील। इस नैरेटिव के जरिए उत्तर और दक्षिण के बीच गहरी विभाजन रेखा खींचने की कोशिश हुई। लोकसभा सीटों के परिसीमन को लेकर द्रविड़ राजनीति की ओर से उठाए जा रहे सवालों में इसके विस्तार को देखा जा सकता है। अपनी अलहदा सोच के लिए अतीत में डीएमके को कीमत भी चुकानी पड़ी है। 1991 में तत्कालीन चंद्रशेखर सरकार ने करूणानिधि सरकार को कुछ ऐसी ही वजहों से बर्खास्त किया था। डीएमके करीब दो दशक से कांग्रेस की सहयोगी है, लेकिन अतीत में एक बार वह भी डीएमके की ऐसी सोच के चलते केंद्र की गुजराल सरकार को गिरा चुकी है। अभी चाहे हिंदी का सवाल हो या फिर रूपए के प्रतीक को बदलने की बात, डीएमके के रूख पर कांग्रेस ने फिलहाल चुप्पी साध रखी है। ऐसा लगता है कि इन मुद्दों पर कांग्रेस की स्थिति सांप और छछूंदर जैसी हो गई है। अगर वह डीएमके का विरोध करती है तो उसे अपने स्थानीय समर्थकों के छिटकने का डर है और यदि समर्थन करती है तो उत्तर भारत में उसकी उम्मीदें बिखर सकती हैं। लेकिन बीजेपी ने आक्रामक रूख अपना रखा है। रूपए का हिंदी प्रतीक बदलने का सबसे तेज विरोध तमिल मूल की निर्मला सीतारमण और राज्य बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष अन्नामलाई कर रहे हैं। उनका साथ उनकी पूर्ववर्ती तमिलसाई सौंदयार्राजन दे रही हैं। बीजेपी की कोशिश है, स्टालिन के हिंदी विरोध की हवा तमिल सोच के जरिए निकालने की है। इसका आधार जोहो कंपनी प्रमुख श्रीधर वेंबु हिंदी समर्थन में बयान देकर मुहैया करा चुके हैं। अगले साल अप्रैल-मई में तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव होने हैं। 2021 के चुनाव में दशकभर बाद डीएमके को सत्ता मिली थी। स्टालिन इसे ही बचाए रखने की जुगत में हैं। उत्तर और हिंदी विरोधी माहौल जिंदा रखकर स्थानीय भावनाओं को उभारना तमिलनाडु का आसान राजनीतिक फामूर्ला रहा है। त्रिभाषा फॉमूर्ले में हिंदी विरोध स्टालिन को सबसे आसान लगा और वे मैदान में कूद पड़े। जनसंख्या के लिहाज से लोकसभा सीटों का परिसीमन में कम होना और रूपए का प्रतीक बदलना इसी का विस्तार है। 1937 में पेरियार के हिंदी विरोधी आंदोलन को तकरीबन समूचे तमिल समुदाय का समर्थन मिला। 1965 में जब संवैधानिक प्रावधानों के चलते हिंदी राजभाषा बन रही थी, तब सीए अन्नादुरै की अगुआई वाले हिंदी विरोधी तीखे आंदोलन को समूचे तमिलनाडु का साथ मिला। इसके दो साल बाद हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को सत्ता गंवानी पड़ी, तब से कांग्रेस राज्य में हाशिए पर ही है। इस बार हिंदी विरोध या रूपए के प्रतीक बदलने की तरकीब को तकरीबन समूचे तमिल समुदाय का साथ मिलता नहीं दिख रहा। इसकी बड़ी वजह यह है कि तमिल समुदाय भी अब भाषा की राजनीति और उसके दायरे को समझने लगा है। संचार क्रांति के जरिए उसे भी पता है कि स्टालिन द्वारा उठाए जा रहे मुद्दों की खामी-खासियत क्या है? तमिल समुदाय के एक हिस्से की समझ बनी है कि उनकी सरकार का विरोध एक बिंदु पर राष्ट्रीय धारा के विपरीत हो सकता है। अब तमिलनाडु में भी लोग मिलने लगे हैं, जिन्हें हिंदी विरोध राजनीतिक शिगूफा लगता है। स्टालिन जिस तरह तेजी से एक के बाद एक मुद्दे उछाल रहे हैं, उससे उन्हें और उनके सलाहकारों को लगता है कि हिंदी विरोध हो या परिसीमन की मुखालफत को बड़ा और गहरा समर्थन नहीं मिल रहा है। पिछले लोकसभा चुनाव में बीजेपी राज्य में अपना खाता नहीं खोल पाई, लेकिन उसका गठबंधन राज्य में 18.2 प्रतिशत वोट हासिल करने में कामयाब रहा। इसमें बीजेपी का वोट 11 प्रतिशत रहा। जबकि पहले उसे तीन से पांच प्रतिशत तक ही वोट मिलता रहा।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक समीक्षक हैं)**

## भगवान शंकर की कौन-सी बात सुनकर नंदी बाबा के आंखों में अश्रु

भगवान शंकर के पावन श्रृंगार की गाथा किसी विरले भाग्यशाली को ही प्राप्त होती है। गोस्वामी तुलसीदास जी कहते हैं, कि भोलेनाथ का श्रृंगार अब तक पूर्ण हुआ माना जा रहा था। बस एक सुंदर घोड़ी की विवस्था की जानी बाकी थी। क्योंकि संसार में सभी दूल्हे जब अपनी बारात लेकर निकलते हैं, तो घोड़ी पर ही सवार होकर निकलते हैं। किंतु दूर-दूर तक भी किसी ने घोड़ी की विवस्था नहीं की थी। यह देख एक शिवगण ने भोलेनाथ से प्रार्थना की, कि क्या वे पैदल ही हिमाचल की ओर प्रस्थान करने की इच्छा रखते हैं? क्योंकि घोड़ी तो हम ले ही नहीं पाये। आप बताईये क्या आदेश है? तब भगवान शंकर बोले-अरे वाह! यह क्या बात कर रहे हो प्रिय गण? जब हम विवाह करने ही बैठे हैं, तो विवाह तो विवाह की ही भाँति करेंगे न? हम भला पैदल बहु बिहाने क्यों चलेंगे? यह सुन शिवगण ने घोड़ी उपलब्ध न होने की असमर्थता जताई। तब भगवान शंकर मुस्करा कर बोले-हे प्रिय गण! हमारी सवारी तो कब से हमारे साथ है। वह भला आपकी दृष्टि से कहाँ औझल हो गई थी? वह देखो हमारा परम प्रिय नंदी बैल। हमने आज तक कोई अन्य सवारी की है भला? जिस नंदी ने आज तक हमें अपनी पीठ पर सवार किया, क्या आज विवाह के शुभ अवसर पर हम उन्हें त्याग देंगे? हमारी तो प्रतिष्ठा ही हमारे नंदी से है। यह सुन कर नंदी की आँखों में अश्रु आ गये। उन्हें लगा, कि भगवान शंकर से बड़ा उपकारकर्ता इस संपूर्ण सृष्टि में नहीं है। भगवान विष्णु का वाहन गरुड़ जी हैं। उनकी गति का संसार में कोई सानी नहीं है। अगर वे भगवान विष्णु के वाहन बने, तो उनमें गुण हैं, जिस कारण वे इस सम्मान के अधिकारी भी हैं। किंतु मुझ में क्या गुण है? मैं न तो तीव्र गति से दौड़ सकता हुँ, और न ही गरुड़ जी की भाँति उड़ सकता हुँ। मेरी देह भी भारी है। एक बार जहाँ बैठ गया, फिर वहाँ से उठने का मेरा मन ही नहीं होता। मैं भले ही अधिकतर शाँत रहता हुँ, किंतु जब भी मैं क्रोधित होता हुँ, तो प्रचंड विध्वँस करता हुँ। किंतु तब भी भगवान शंकर मुझ पर अपार स्नेह पता नहीं क्यों रखते हैं? भगवान शंकर अपने स्नेही शिष्य के मनोभावों को पढ़कर उन्हें अपने समीप बुलाते हैं। वे नंदी के सीस पर हाथ फेरते हुए कहते हैं-हे प्रिय नंदी! तुम नहीं जानते कि तुम कितने महान हो। तुम्हारा मेरे प्रति समर्पण व प्रेम ही वह आधार है, कि मैं भी तुम्हारे प्रति पूर्ण समर्पित हूं। तुम्हारा त्याग मेरे लिए प्राण त्यागने जैसा है। तुम्हारे चारों चरण धर्म के चार चरण हैं। जो कहा जाता है, कि धरती बैल के सींगों पर टिकी है। तो इसका यही अर्थ तो है, कि आपके चरण सत्य, तप, दया और पवित्रता ही वे आधार हैं, जिनके सिर पर यह धरा का अस्तित्व बचा हुआ है। मैं तुम्हें अपनी सवारी बनाकर संसार को बताना चाहता हुँ, कि जब भी आप अपने जीवन ने सबसे महान संबंध का आरम्भ करने जायें, तो बैल पर सवार होकर, अर्थात धर्म के चारों गुणों पर सवार होकर ही जायें। फिर निश्चित ही आपको आदि शक्ति का संग होगा।

## सेहत

### जिद्दी से जिद्दी चर्बी होगी गायब

पुदीना एक ताजा जड़ी बूटी है जिसका आमतौर पर औषधीय रुप में उपयोग किया जाता है। पुदीना न केवल अपने ठंडे स्वाद के लिए जाना जाता है, बल्कि इसके संभावित स्वास्थ्य लाभों के लिए भी जाना जाता है - खासकर जब वजन कंट्रोल की बात आती है। एंटीऑक्सीडेंट और आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर पुदीना फैट,मेटाबॉलिज्म और पाचन में सहायक भूमिका निभा सकता है। पुदीना पाचन एंजाइमों को उत्तेजित करता है जो भोजन से पोषक तत्वों को अवशोषित करने और फैट्स को इक्ट्ठा करने के बजाय उपयोग करने योग्य ऊर्जा में परिवर्तित करने में मदद करते हैं। जबकि पुदीना अकेले वजन घटाने के लिए एक चमत्कारी उपाय नहीं है बल्कि इसे संतुलित आहार और स्वस्थ लाइफस्टाइल में शामिल करने से शरीर की प्राकृतिक फैट्स-जलने की प्रक्रिया में वृद्धि हो सकती है। ऐसे में आप पुदीने को अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं। गर्मी के दिनों में पुदीना सिर्फ आपको ठंडक ही नहीं देता है, बल्कि यह वजन को कम करने में भी मदद करता है। अगर आप पुदीने को डाइट में शामिल करते हैं, तो यह डाइजेशन को बूस्टअप करता है। गौरतलब है कि पुदीना डाइजेस्टिव एंजाइमों को उत्तेजित करता है, जिससे पाचन तंत्र बेहतर तरीके से काम करता है। इसके सेवन से आपका पाचन सही तरह से काम करता है, तो आपका शरीर फैट और कार्बोहाइड्रेट को अधिक बेहतर तरीके से प्रोसेस करता है, जिससे शरीर में अनावश्यक वसा जमा नहीं होता है। इतना ही नहीं, यह ब्लोटिंग को कम करने में मदद करता है, जिससे आप अधिक लाइट महसूस करते हैं। ज्यादातर लोगों को वजन इसलिए भी कम नहीं हो पता है कि क्योंकि उनको बार-बार अनहेल्दी फूड्स की क्रेविंग्स होने लगती है। इसलिए आप अपने आहार में पुदीना को जरुर शामिल करें।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज ब्रीफ

## सिविल सर्जन ने स्वास्थ्य उपकेंद्र भोगनाडीह का किया निरीक्षण



**साहिबगंज :** सिविल सर्जन साहिबगंज डॉक्ट्र प्रवीण कुमार संथालिया के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरहेट के अंतर्गत भोगनाडीह में कल माननीय मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर कार्यक्रम स्थल का निरक्षण किए और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को कार्यक्रम स्थल में आवश्यक दवाओ के साथ मेडिकल टीम प्रतिनियुक्त करने को कहा गया। कार्यक्रम से सम्बंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही सिविल सर्जन के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरहेट व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पतना का निरक्षण किए।निरक्षण के दौरान सिविल सर्जन महोदय के द्वारा ओपीडी,आईपीडी, प्रसव कक्ष, उपस्थिति पंजी, चिकित्सक ड्यूटी रोस्टर,पेशेंट वार्ड, आवश्यक दवाई, पर्याप्त मात्रा में बैड व अस्पताल मे साफ- सफाई आदि का निरक्षण किए और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को कई निर्देश भी दिए। साथ ही स्वास्थ्य उपकेंद्र भोगनाडीह का भी निरक्षण किए।मौके पर सभी चिकित्सक पारामेडिकल कर्मी मौजूद थे।

## डॉ.सैमुएल हैनीमैन की जयंती आज

साहिबगंजःशहर के जिरवाबाड़ी स्थित पोद्दार होम्यो क्लीनिक में आज दोपहर 2 बजे होम्योपैथिक जगत के जनक कहे जाने वाले डॉ.सैमुएल हैनीमैन के 270 वी जयंती मनाई जाएगी.इस अवसर पर साहिबगंज के होमियोपैथी डॉक्टर उपस्थित रहेंगे।जिसकी जानकारी होमियोपैथी डॉक्टर एम के पोद्दार ने दी

## बंद घर मे लाखों की चोरी वारदात कैमरा में कैद



**साहिबगंज/बरहरवा :** बरहरवा थाना क्षेत्र के नया टोला गाँव के एक बंद घर मे अज्ञात चोरो द्वारा ताला तोड़कर लाखो की चोरी का घटना कों अंजाम दिया गया हैं।घटना 8 से 10 अप्रैल के बीच की हैं।पीड़ित नया टोला गाँव निवासी नीला कुमारी पति सुरेन्द्र भारती ने बताया की वें लोग सभी परिवार के सदस्य 8 अप्रैल को अपने बड़े बेटे मनोज भारती के यहां बोंसी चली गई थी।बताया की 10 अप्रैल को सुबह मेरे पड़ोसी द्वारा फोन पर पता चला कि रात में मेरे घर पर अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर लिया गया.जिसका पूरा रिकॉर्डिंग पड़ोसी राजकु?मार भगत नील कमल शो रूम के सीसीटीवी फुटेज में रिकॉर्ड हो चुका है.पीड़ित महिला ने बताया की घर से एक सोने का चैन 2 भरी का,सोने का मंगलसूत्र,सोने का कान का मनदीका सोने का दो जोड़ा सोने का चूड़ी,कासा का बर्तन,15 पीस कीमती साड़ी एवं 22 हजार रुपए नगढ़ की राशि उसके अलावा भी घर की छोटी मोटी सामान की चोरी हुई है.घटना की सुचना मिलने पर बरहरवा थाना पुलिस ने घर जाकर मामले की जानकारी ली।वही पुलिस मामले की छानबीन मे जुट गई।

## 300 करोड़ से बनेगी 12 किलोमीटर लंबी सड़क, देवघर एयरपोर्ट का होगा कनेक्टिंग रोड

**देवघर :** देवघर-जसीडीह रोड स्थित डढ़वा नदी पुल से नदी के किनारे-किनारे एयरपोर्ट के इमरजेंसी गेट तक 300 करोड़ की लागत से 12 किलोमीटर लंबी बननेवाली सड़क की तकनीकी स्वीकृति पथ निर्माण विभाग से मिल गयी है. यह देवघर एयरपोर्ट का कनेक्टिंग रोड होगा. पीडब्ल्यूडी ने दिसंबर 2024 में इस मार्ग का अलाइनमेंट तैयार किया था. इसके बाद 300 करोड़ की डीपीआर बनायी गयी. अलाइनमेंट के अनुसार, यह सड़क कालीकरण होगी, जिसमें वाहनों का आवागम होगा. शेष जगह पर पेवर ब्लॉक, इंटर लॉकिंग व साइकिलिंग का अलग मार्ग होगा. सड़क के किनारे कैफेटेरिया, पेड़-पौधे लगाये जायेंगे व लोगों के बैठने की भी सुविधा होगी. लोग पेवर ब्लॉक पर मॉर्निंग वॉक कर पायेंगे.

तकनीकी स्वीकृति मिलते ही अब प्रशासनिक स्वीकृति मिलेगी और सड़क का टेंडर किया जायेगा. डढ़वा नदी के किनारे अधिकांश सरकारी भूमि है. विभाग को भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता नहीं पड़ेगी. यह सड़क एयरपोर्ट के आगे देवघर बाइपास से भी मिल जायेगी. एयरपोर्ट की सुरक्षा मानकों के अनुसार, हर एयरपोर्ट में इमरजेंसी गेट व कनेक्टिंग रोड अनिवार्य है, ताकि एयरपोर्ट टर्मिनल गेट में अगर कोई घटना होने पर निकासी बाधित होता है तो इस इमरजेंसी गेट का इस्तेमाल कर सके. यह सड़क बन जाने से सत्संग, हिरणा, सुरा तिजलौना व महावीर कॉलोनी के लोगों को भी एक नया मार्ग मिल जायेगा.

डढ़वा नदी के किनारे बनने वाली इस सड़क को डढ़वा रिवर फ्रंट से भी जोड़ने की योजना है. डढ़वा नदी के किनारे भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय से रिवर फ्रंट भी बनाने की योजना प्रस्तावित है. वर्ष 2023 में गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया व पथ निर्माण विभाग की टीम के साथ डढ़वा नदी पुल से नदी के किनारे-किनारे एयरपोर्ट के इमरजेंसी गेट तक निरीक्षण कर इस प्रोजेक्ट का प्रस्ताव तैयार करवाया था.

जसीडीह रोड स्थित डढ़वा नदी पुल के किनारे से यह सड़क निकलेगी जो सुरातिलौना, गुलीपथार, नीचे बसमत्ता, चित्तोलोढ़िया, चोलपहाड़ी, सिंहपुर योगीडीह, ओझा जमुआ, बाबूपुर में एयरपोर्ट इमरजेंसी गेट को कनेक्ट करते हुए सातर, मालपुर व मिश्र जमुआ के पास देवघर बाइपास में जुड़ जायेगी.

## देवघर में करंट से युवक झुलसा

**देवघर :** नगर थाना क्षेत्र के बरमसिया इलाके में पत्नी से झगड़ा कर एक युवक गुस्से में घर के पास लगे ट्रांसफॉर्मर को पकड़ लिया. इससे उसे करंट लग गया और गंभीर रूप से झुलस गया. इसके बाद उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया. जानकारी के मुताबिक, घायल युवक का नाम छोटू कुमार है, जो नगर थाना क्षेत्र के गांधी नगर नंदन पहाड़ रोड बरमसिया मुहल्ले का रहने वाला है. घटना के संबंध में उसके भाई रमेश सिंह ने बताया कि पत्नी से किसी बात को लेकर भाई का झगड़ा हो गया. इससे गुस्से में आकर उसके भाई ने घर से कुछ दूर पर लगे ट्रांसफॉर्मर को जाकर पकड़ लिया. इससे उसे जोरदार करंट लगा और वह बेहोश हो गया. घटना के बाद गंभीर हालत में इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया. घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गयी है. पुलिस मामले की जांच में जुटी है.

# जेएलकेएम का जिला सम्मेलन जुलाई में

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** जेएलकेएम जिला कमिटी की बैठक जिला अध्यक्ष अर्जुन कुमार महतो कीअध्यक्षता में तीनपहाड़ सामुदायिक भवन में आहूत की गई।जिसमें पार्टी के जिला स्तरीय व प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता उपस्थित हुए एवं मुख्य रूप से पार्टी के राजमहल विधानसभा पूर्व प्रत्याशी मोती लाल सरकार,बरहेट विधानसभा पूर्व प्रत्याशी थॉमस सोरेन उपस्थित हुए!पार्टी के राजमहल विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं केंद्रीय समिति सदस्य मोतीलाल सरकार ने कहा की केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो के निदेर्शानुसार पार्टी का सदस्यता अभियान प्रारंभ की जा रही है सभी कार्यकर्ता साहिबगंज जिले के सभी प्रखंडों में एवं सभी पंचायत में कैंप लगाकर अधिक से अधिक सदस्य बनाने का प्रयास किया जाए।ताकि पार्टी को बल




मिल सके.केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जरा महतो के साथ बोकारो की विधायिका श्वेता सिंह के द्वारा किए गए दुर्व्यवहारों को भी घोर निंदा की गई.पार्टी को शिखर तक ले जाने हेतु सभी कार्यकर्त्ता को एकजुट के साथ काम करने का आह्वान किया।बरहेट विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी थॉमस सोरेन ने कहा की पार्टी 2029 तक संपूर्ण झारखंड में संगठन बनाकर 81 विधानसभा में चुनाव लड़कर टाइगर जयराम महतो जेएलकेएम कि सरकार बनाने के लिए अधिक से अधिक सदस्यों को जोड़कर पार्टी को मजबूत बनाने को कहा,पार्टी के वरीय सदस्य विजय विक्रांत ने कार्यकताओं को मनोबल को बढ़ाते हुए कहा कि प्रखंड से लेकर जिला स्तर पर किसी भी तरह की समस्या हो तो जिला अध्यक्ष एवं प्रत्याशियों को सूचित करें हम सब मिलकर उनकी समस्याओं का निदान करने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।जिला अध्यक्ष अर्जुन कुमार महतो ने कहा की सदस्यता अभियान जून तक चला कर जुलाई में साहिबगंज जिला में एक भव्य कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित की जाएगी.जिसमें पार्टी सुप्रीमो एवं डुमरी विधायक टाइगर जयराम कुमार महतो का आगमन होगी।बैठक में प्रकाश कुमार महतो,बिशु कुमार कर्मकार,रितिक यादव,भविष्य कुमार सिंह,जय कुमार सिंह,अभिजीत यादव,पप्पु महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

## छोटा लोहंडा में रॉयल एनफील्ड बाईक शोरूम का हुआ उद्घाटन नए मॉडल्स की भरमार



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के छोटा लोहंडा में गुरुवार को रॉयल एनफील्ड श्रेया मोटोस्पोर्ट्स का भव्य उद्घाटन जोनल सेल्स मैनेजर नितीन शर्मा असिस्टेंट सेल्स मैनेजर तालिब रसुल,आरबीएम सेल्स मैनेजर सुभजीत कुमार,जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी,जिला खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार किस्कू, डॉ.शंभू दयाल खेतान व श्रेया मोटॉस्पोर्ट्स रॉयल एनफील्ड के मालिक पुनीत खुडानियां ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया।उधर श्रेया मोटॉस्पोर्ट्स रॉयल एनफील्ड के मालिक पुनीत खुडानियां ने बताया कि पहले शहर के लोग रॉयल एनफील्ड बाईक की खरीददारी करने के लिए अपने साहिबगंज शहर से दूसरे जिले में जाया करते थे मगर अब यहां अपने ही शहर में इसका ब्रांच खुल जाने से रॉयल एनफील्ड बाईक को पसंद करने वाले लोगों को इसकी खरीददारी करने के लिए अब कहीं भी बाहर नहीं जाना होगा।आगे उन्होंने बताया कि श्रेया मोटॉस्पोर्ट्स में 350 सीसी से लेकर 650 सीसी तक की सभी मॉडल्स में रॉयल एनफील्ड की बाईक उपलब्ध है। जहां रॉयल एनफील्ड बाईक को पसंद करने वाले बाईक प्रेमियों को आसानी से नए मॉडल्स देखने व खरीदने का अवसर अब अपने ही शहर में आसानी से मिलेगा।वही उन्होंने कहा कि रॉयल एनफील्ड बाईक को पसंद करने वाले बाईक प्रेमियों के लिए फाइनेंस की भी सुविधा उपलब्ध है जहां आवश्यक दस्तावेज के आधार पर आसानी से बाईक फाइनेंस किया जाता है।उधर बाईक शोरूम के उद्धघाटन समारोह कार्यक्रम में जिले के तमाम पत्थर व्यवसाई,शहर के गणमान्य लोग भारी संख्या में मौजूद थे।उधर रॉयल एनफील्ड बाइक शोरूम के उद्घाटन के बाद बाइक प्रदर्शनी भी आयोजित की गई जहां उपस्थित ग्राहकों को विभिन्न मॉडलों की जानकारी दी गई।

## वंदना कक्ष में भगवान महावीर की जयंती मनाई



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** शहर के विद्या भारती विद्यालयजमुनादास केदारनाथ चौधरी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर साहिबगंज के वंदना कक्ष में भगवान महावीर की जयंती मनाई गई।जयंती समारोह का आरंभ विद्यालय की प्रभारी प्रधानाचार्य किरण कुमारी गुप्ता व समस्त आचार्य बंधु ने भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित किया।जयंती समारोह को संबोधित करते हुए आचार्य श्यामा प्रसाद ने बताया कि महावीर राजा सिद्धार्थ और त्रिशाला के पुत्र थे।बचपन से ही हुए दयालु प्रवृत्ति के थे।मात्र 30 वर्ष की आयु में उन्होंने सांसारिक जीवन को छोड़कर सन्यास ले लिया था।महावीर जयंती हमें भगवान महावीर के जीवन और शिक्षाओं से प्रेरणा लेने का अवसर प्रदान करती है।आचार्य अमित कुमार ने बताया की महावीर 24 वें और अंतिम जैन तीर्थंकर थे।अहिंसा परमो धर्म अर्थात अहिंसा ही सर्वोच्च धर्म है के संदेश के माध्यम से मानवता को नई राह दिखाई।किरण कुमारी गुप्ता ने बताया की महावीर जयंती केवल एक धार्मिक त्योहार नहीं है। बल्कि यह एक आत्म सुधार और आत्म शुद्धि के मार्ग को अपनाने का अवसर है।जयंती समारोह में विद्यालय के समस्त आचार्य बंधु भगिनी एवं भैया,बहन उपस्थित थे।

## सलाहकार समिति की बैठक में डीवीसी की तुबेद कोल माइंस के सीएसआर कार्यों की समीक्षा

लातेहार : लातेहार शहर के एक होटल में गुरुवार को ग्राम विकास सलाहकार समिति की बैठक हुई. बैठक में डीवीसी की तुबेद कोल माइंस प्रबंधन की ओर पिछले वित्तीय वर्ष में सीएसआर फंड से किए गए कार्यों की समीक्षा की गयी. साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 में सीएसआर फंड से होने वाले कार्यों को अंतिम रूप दिया गया. कंपनी के वरिष्ठ महाप्रबंधक सह परियोजना प्रधान अरद कुमार ठाकुर ने समिति के सदस्यों का स्वागत किया. सहायक प्रबंधक (सीएसआर) संजीव कुमार ने पिछले वित्तीय वर्ष में किये गए कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की. सीएसआर गतिविधियों के भविष्य के रोड मैप पर भी चर्चा की.

बैठक में प्रतिनिधियों ने क्षेत्र में सड़क निर्माण, सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने, पेयजल, विद्यालय भवन का निर्माण, खेल मैदान का विकास, ट्रांसपोर्टिंग रुट पर पानी का छिडकाव, युवाओं और महिलाओं के लिए विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करने पर चर्चा की. परियोजना से सटे गांवों को प्राथमिकता देते हुए विकास कार्य करने पर जोर दिया गया. अपर समाहर्ता ने प्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सुझावों पर चरणबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया. बैठक में डीवीसी के उप महाप्रबंधक (खनन) मनीष कुमार, दीपक कुमार, मिथिलेश कुमार, प्रबंधक (खनन), शैलेन्द्र कुमार, प्रबंधक (सिविल), दीपक कुमार, चिकित्सक डॉ सुदर्शन, सहायक प्रबंधक (तकनीकी) फैसल नवाज अपर समाहर्ता रामा रविदास, सांसद प्रतिनिधि अमलेश कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह, लातेहार प्रखंड प्रमुख परशुराम लोहरा, बीडीओ प्रतिनिधि हरेन्द्र पाल भगत आदि उपस्थित थे.

## एसकेएमयू में पीजी में 4102 स्टूडेंट्स ने लिया नामांकन

**दुमका :** दुमका के सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय (एसकेएमयू) में सत्र 2024-26 के लिए 4102 छात्र-छात्राओं ने नामांकन लिया. इनका नामांकन विश्वविद्यालय के विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों और कॉलेजों में लिया है. सबसे ज्यादा 1593 नामांकन विश्वविद्यालय के पीजी विभागों में, जबकि सबसे कम 90 नामांकन एएस कॉलेज में हुआ है. इसी प्रकार साहिबगंज कॉलेज में 1122, देवघर कॉलेज में 869 व गोड्डा कॉलेज में 428 विद्यार्थियों ने नामांकन लिया है.

विवि के पीजी केंद्रों में विषयवार नामांकन की बात करें तो हिंदी में 661, इतिहास में 491, अर्थशास्त्र में 424, राजनीति विज्ञान में 407, जूलॉजी में 315, अंग्रेजी में 299, गणित में 269, संताली में 233, भौतिकी में 198, भूगोल में 195, वाणिज्य में 139 और रसायनशास्त्र में 132 स्टूडेंट्स ने एडमिशन लिया है.

## समझौते पर अमल नहीं होने से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद के सदस्य नाराज

लातेहार : राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद के सदस्य रवींद्र नाथ तिवारी ने गुरुवार को लातेहार जिले के हेरहंज प्रखंड के नवादा पहुंचकर ग्रामीणों के साथ वार्ता की. उन्होंने तुबेद कोल माइंस से कुसमाही रेलवे साइडिंग तक हाइवा के कोयला ढुलाई से लोगों को होने वाले परेशानियों पर चर्चा की. ग्रामीणों ने तिवारी से कहा कि कंपनी प्रशासन के निदेशों पर अमल नहीं करती है. राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा समिति के आंदोलन के दौरन समझौते के लिए हुई एसडीएम व डीटीओ की उपस्थिति में बैठक में बनी सहमति के बिंदुओं पर कंपनी ने कोई कदम नहीं उठाया. यह दुर्भायपूर्ण है. उन्होंने कहा कि कोयले का परिवहन अधिकतम 30 किलोमीटर से ज्यादा मान्य नहीं है. कम्पनी द्वारा परिवहन के लिए जिस रूट का उपयोग किया जा रहा है वह भी न्यायसंगत नहीं है.

उन्होंने कहा कि तुबेद माइंस से बालूमाथ के कुसमाही रेलवे साइडिंग तक 57 किलोमीटर तक हाइवा से कोयले की ढुलाई करना नियमों के विपरीत है. ग्रामीणों ने बताया कि इस रास्ते से कोयला ढुलाई के क्रम में कई घटनाएं घट चुकी हैं. यही वजह है कि हेरहंज व बालूमाथ के ग्रामीण हाइवा से कोयले की ढुलाई का विरोध कर रहे हैं. यदि समय रहते समझौते के बिंदुओं पर अमल नहीं किया गया, तो कोयले ढुलाई का चक्का जाम आंदोलन चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा.

## वज्रपात से बच्चा समेत 5 लोग घायल

लातेहार : जिले में गुरुवार की दोपहर बारिश के बीच हुए वज्रपात से एक बच्चा समेत पांच लोग घायल हो गए. घायलों को लेकर उनके परिजन लातेहार सदर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉ सुदामा प्रसाद ने उनका इलाज किया. डॉक्टर के अनुसार सभी खतरे से बाहर है. बच्चे की हालत थोड़ी गंभीर है. वह बातचीत कर रहा है. उसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया जा रहा है. लेकिन परिजन उसका सदर अस्पताल में ही इलाज कराना चाह रहे हैं.जानकारी के अनुसार जिले के गारू प्रखंड के रूद गांव में दोहपर करीब दो बजे हुए वज्रपात में रौशन भुईयां (12), चिंता कुमारी (20), संजीवन व मंतोष कुमार (34) घायल हो गये. सभी घायलों को शाम में 108 एंबुलेंस से लातेहार सदर अस्पताल पहुंचाया गया.उधर, बालूमाथ के डाढ़ा में वज्रपात की चपेट में आकर एक किसान गनु यादव (40) घायल हो गया.

# देवघर वासियों के लिए बस स्टैंड का बदला पता बाघमारा में शुरू हुआ अंतरराज्यीय बस स्टैंड

मेट्रो रेज संवाददाता

**देवघर:** झारखंड का देवघर बाबा नगरी के नाम से जाना जाता है. यहां भारत के साथ-साथ दूसरे देशों से भी लोग भगवान शिव की पूजा करने आते हैं. इसीलिए यात्रियों और पर्यटकों की सुविधा के लिए देवघर में बेहतर और बड़ा बस स्टैंड बनाया गया है. गुरुवार से इसकी शुरूआत हो गई है. पहले दिन नए बस स्टैंड से कई गाड़ियां रवाना हुईं और यात्रियों ने इसका लाभ भी उठाना शुरू कर दिया है.




**यात्रियों के साथ-साथ आम लोगों को भी मिलेगी राहत**

बाघमारा क्षेत्र में बने अंतरराज्यीय बस स्टैंड पर बस पकड़ने आए एक यात्री ने कहा कि नया बस स्टैंड निश्चित रूप से काफी बड़ा और अच्छा है. सुल्तानगंज जाने वाले यात्री राजीव कुमार ने कहा कि पुराने बस स्टैंड में किसी तरह की कोई व्यवस्था नहीं थी. शहर में हर दिन जाम की समस्या से जूझना पड़ता था. लेकिन बाघमारा क्षेत्र में नए बस स्टैंड के निर्माण से यात्रियों के साथ-साथ आम लोगों को भी राहत महसूस होगी.

**बस स्टैंड खुलने से स्थानीय लोगों को मिलेगा रोजगार**

बाघमारा क्षेत्र में रहने वाले लोगों ने बताया कि बस स्टैंड खुलने से आसपास रहने वाले ग्रामीणों को रोजगार मिलने का मौका मिलेगा. क्योंकि जब यात्रियों की भीड़ बढ़ेगी तो निश्चित रूप से स्थानीय लोग छोटे-मोटे रोजगार कर सकेंगे.

**बस स्टेशन से जुड़े लोग नाराज**

बस स्टैंड खुलने का कुछ बस मालिक और बस से जुड़े व्यवसायी विरोध भी कर रहे हैं. बस एसोसिएशन के विरोध और हड़ताल को लेकर कांग्रेस नेता उदय प्रकाश ने कहा कि यह बस स्टैंड राज्य के सबसे बड़े बस स्टैंड में गिना जाता है. इस बस स्टैंड के खुलने से बस से जुड़े व्यवसायियों को काफी फायदा होगा.

**सावन के महीने में देखने को मिलेगा सबसे ज्यादा फायदा**

कांग्रेस नेता उदय प्रकाश ने कहा कि नए बस स्टैंड का सबसे ज्यादा फायदा सावन के महीने में देखने को मिलेगा क्योंकि सावन के महीने में बड़े वाहनों के कारण पुराने बस स्टैंड के पास जाम लग जाता था. इससे पूरे शहर के निवासियों को परेशानी होती थी. लेकिन बाघमारा में बने बस स्टैंड से बसें शहर में प्रवेश नहीं करेंगी और जाम की समस्या भी उत्पन्न नहीं होगी.

करीब 20 एकड़ में खुले इस अंतरराज्यीय बस स्टैंड के बारे में बस स्टैंड पर नियुक्त दंडाधिकारी ने कहा कि यहां सभी तरह की सुविधाएं बहाल की जाएंगी. आज पहला दिन होने के कारण स्टैंड पर बसों की भीड़ नहीं है, लेकिन आने वाले दिनों में देवघर के इस बस स्टैंड से बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के सभी जिलों के लिए बसों का परिचालन होता दिखेगा.

**नया बस स्टैंड खुलने से लाभ**

अधिक बसें खड़ी हो सकेंगी.

यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी.

नया बस स्टैंड आधुनिक संसाधनों से लैस होगा.


मुख्य सड़क पर होने के कारण लोगों का स्टैंड तक पहुंचना आसान है.

**पुराने बस स्टैंड का नुकसान**

संकरी जगह होने के कारण बसों की पार्किंग नहीं हो पाती थी.

यात्रियों की समुचित सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो पाती थी.

शहर के बीचोंबीच स्टैंड होने के कारण जाम की समस्या रहती थी.



# फर्जी निकली किंग में दीपिका के होने की खबर

- सिद्धार्थ की ट्वीट के बाद आया चौंकाने वाला अपडेट

पिछले करीब तीन दिनों से ऐसे दावे किए जा रहे हैं कि शाहरुख खान की आगामी फिल्म किंग में दीपिका पादुकोण की एंट्री हो गई है। फैंस इसे लेकर खुशी मनाने लगे। मगर, अब जो जानकारी आई है वो ये है कि खबर एकदम फर्जी है। शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की जोड़ी परदे पर हमेशा कमाल करती है। फैंस के लिए तो यह मानो ट्रीट होती है, वहीं दीपिका के साथ शाहरुख की जोड़ी हो तो बॉक्स ऑफिस पर भी सफलता पक्की सी हो जाती है। किंग खान इन दिनों फिल्म किंग को लेकर चर्चा में हैं, जिसके जरिए उनकी बिटिया सुहाना बड़े परदे पर डेब्यू कर रही हैं। पिछले कुछ दिनों से मीडिया रिपोर्ट्स में दावे किए जा रहे हैं कि किंग में दीपिका पादुकोण भी नजर आएंगी। फैंस इस खबर पर खुशियां मनाने लगे। मगर, सच्चाई ये है कि किंग में दीपिका का मौजूदगी की खबर एकदम फर्जी है।


### सिद्धार्थ के ट्वीट से साफ हुई तस्वीर

बहुप्रतीक्षित फिल्म किंग में दीपिका के किरदार को लेकर भी पक्के दावे किए जाने लगे। कहा गया कि वे सुहाना खान की मां की भूमिका में दिखाई देंगी। मगर, इस फिल्म के निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने खुद इन खबरों का खंडन अपने एक ट्वीट से कर दिया है। एक ट्वीट उन्होंने कल सोमवार को साझा किया था। और अब आज मंगलवार 08 अप्रैल को भी एक ट्वीट किया है। इसमें उन्होंने ज्यादा कुछ नहीं लिखा। सिर्फ यही लिखा है, खबर गलत है। इसी से साफ है कि उनका संदर्भ फिल्म किंग में दीपिका की मौजूदगी को लेकर है।

## क्या परेश रावल ने बता दी ... 'हेरा फेरी 3' की रिलीज डेट?



परेश रावल का एक पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस पोस्ट में उन्होंने एक प्रशंसक के सवाल का जवाब दिया, जिससे लोग अटकलें लगाने लगे की अभिनेता ने 'हेरा फेरी 3' की रिलीज डेट को लेकर हिंट दिया है। 'हेरा फेरी फ्रेंचाइजी' की तीसरी किस्त आखिरकार अपने मूल कलाकारों अक्षय कुमार, परेश रावल और सुनील शेट्टी के साथ आ रही है। कहा जा रहा है कि प्रियदर्शन, जिन्होंने इसकी पहली किस्त का निर्देशन किया था। वह भी इससे वापसी कर रहे हैं। हर कोई इसका बेसब्री के साथ इंतजार कर रहा है। हाल ही में परेश रावल ने एक पोस्ट के जवाब में फिल्म से जुड़ा एक बड़ा और महत्वपूर्ण हिंट दिया है। हाल ही में अभिनेता परेश रावल ने अंदाज अपना-अपना फिल्म के री-रिलीज का ट्रेलर शेयर किया। पोस्ट पर रिप्लाई करते हुए एक फैन ने लिखा, हम बाबू भाई मिस्टर तेजा का इंतजार कर रहे हैं। इस पर रावल ने जवाब दिया, जल्द ही ! अगले मानसून से पहले ! परेश रावल के जवाब से नेटिजन्स ने अटकलें लगानी शुरू कर दी कि क्या उन्होंने 'हेरा फेरी 3' को लेकर अपडेट दी है? नेटिजन्स ने इस पर प्रतिक्रिया भी देनी शुरू कर दी है। वह मजेदार पोस्ट भी सोशल मीडिया पर साझा कर रहे हैं।



## नोरा को छोटे प्रशंसकों ने प्यार से किया सराबोर

नोरा फतेही सिर्फ एक ग्लोबल स्टार नहीं हैं जो अपनी अंतरराष्ट्रीय हिट स्नेक के साथ म्यूजिक चार्ट्स पर राज कर रही हैं, बल्कि वह अपने सबसे छोटे प्रशंसकों का दिल भी जीत रही हैं ! दिल को छू लेने वाला एक वीडियो जो अब वायरल हो रहा है। उसमें छोटे प्रशंसकों की एक समूह ने नोरा को घेर लिया और ढेर सारा प्यार दिया, जिसमें एक प्यारे बच्चे ने उन्हें अपने स्नेह के प्रतीक के रूप में ब्रेसलेट भी गिफ्ट किया है। यह पल गर्मजोशी से भरा हुआ था क्योंकि नोरा ने बच्चों के साथ बातचीत की, जो उनकी प्यारी ऊर्जा और वास्तविक उत्तेजना से स्पष्ट रूप से प्रभावित थे। हंसी, गले लगाना और स्नेक के लिए मासूम सराहना करते हुए, बच्चों की प्रतिक्रियाएं यह याद दिलाने वाली थीं कि नोरा का प्रभाव पीढ़ियों तक गहरी छाप छोड़ता है। नोरा फतेही ने इस अविस्मरणीय याद को साझा करने के लिए अपने सोशल मीडिया का सहारा लिया, और कैप्शन में लिखा ओएमजी मैं सचमुच रो रही हूँ, उनमें से एक ने मुझे एक ब्रेसलेट दिया और उन्हें स्नेक बहुत पसंद आया ! कितना प्यारा पल था... इन खूबसूरत बच्चों ने मेरा साल बना दिया। उनका प्यार और ऊर्जा मुझे जीवन दे रही है ! वैश्विक मंचों से लेकर असल जीवन के प्रशंसक प्यार तक, नोरा यह साबित करती जा रही हैं कि उनका दर्शकों से जुड़ाव गहरा है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से साझा किया गया है, जिसमें प्रशंसक उनकी दयालुता की सराहना कर रहे हैं और इस पल को प्योर हैप्पीनेस कह रहे हैं। नोरा फतेही को कोई नहीं रोक सकता। बॉलीवुड दर्शकों को लुभाने से लेकर ग्लोबली ध्यान आकर्षित करने तक, वह अपने परफॉर्मेंस से इंडस्ट्री में छाई हुई हैं। हाल ही में उनकी उपस्थिति ने प्रतिष्ठित वैनिटी फेयर ऑस्कर आफ्टर-पार्टी में लोगों का ध्यान खींचा और सुर्खियाँ बटोरीं, जिससे वह हॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों में शामिल हो गईं।

## प्रियंका ने पति निक जोनस को बताया शानदार कलाकार

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस ऐसे कपल हैं, जो एक-दूसरे पर प्यार लुटाने और एक-दूसरे की तारीफ करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। अब एक बार फिर प्रियंका ने अपने पति निक जोनस की तारीफ की है और उन्हें एक शानदार कलाकार बताया है। प्रियंका निक जोनस के साथ न्यूयॉर्क में 'द लास्ट फाइव इयर्स' के ब्रॉडवे डेब्यू में शामिल हुईं। इस समारोह की कई तस्वीरें अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर साझा की हैं। साथ ही शो के लिए पति निक की तारीफ भी की है।

प्रियंका ने अपने इंस्टाग्राम पर समारोह से जुड़ी कई तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में प्रियंका पति निक जोनस और शो की मुख्य अभिनेत्री एड्रिएन वॉरेन के साथ पोज दे रही हैं। इस दौरान प्रियंका ने पति निक पर प्यार भी लुटाया और उन्हें किस करते हुए भी एक फोटो साझा की है। इस पोस्ट को साझा करते हुए प्रियंका ने कैप्शन में लिखा, ब्रॉडवे पर 'द लास्ट फाइव ईयर्स' की ओपनिंग नाइट। वाकई शानदार कलाकारी। बधाई हो निक जोनस और शो की पूरी टीम व क्रू को।

**बेटी मालती ने पापा के लिए बनाया पोस्टर**

अपनी इस पोस्ट में प्रियंका ने बेटी मालती की एक प्यारी सी तस्वीर भी साझा की, जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। इस तस्वीर में मालती एक पोस्टर बना रही हैं। जो उन्होंने अपने पिता निक जोनस को बधाई देने के लिए बनाया है। प्रियंका ने निक के लिए कार्ड बनाती मालती की ये तस्वीर भी शेयर की। दिल को छू लेने वाली यह तस्वीर कपल की शाम की तस्वीरों में शामिल हो गई और लोगों का दिल जीत रही है। प्रियंका की इस पोस्ट पर निक जोनस ने भी प्रतिक्रिया दी है। निक ने कमेंट सेक्शन में दिल वाला इमोजी बनाकर इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी है।



## सैफ पर हमला मामले में पुलिस ने दाखिल की 1000 पन्नों की चार्जशीट

बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर चाकू से हुए हमले की घटना मामले में पुलिस को आरोपी के खिलाफ अहम सबूत मिले हैं। एक्टर पर इस साल जनवरी में उनके मुंबई के बांद्रा स्थित घर में एक हमलावर ने चाकू से वार किए। इस मामले में पुलिस को आरोपी शरीफुल इस्लाम के खिलाफ अहम सबूत मिले हैं। पुलिस ने 1000 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है। मुंबई की बांद्रा पुलिस ने इस मामले में बांद्रा कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है। इस चार्जशीट में गिरफ्तार आरोपी शरीफुल इस्लाम के खिलाफ पुलिस को मिले कई सबूत शामिल हैं। यह चार्जशीट 1000 पन्नों से भी अधिक की है। इस चार्जशीट में फॉरेंसिक लैब की रिपोर्ट का भी जिक्र किया गया है।

**क्राइम सीन से मिले अहम सबूत**

मुंबई पुलिस के मुताबिक, चार्जशीट में बताया गया है आरोपी के बाएं हाथ के फिंगरप्रिंट रिपोर्ट का भी जिक्र किया गया है।

### जनवरी में हुआ था हमला

आरोपी शरीफ को जनवरी में अभिनेता सैफ अली खान के बांद्रा स्थित घर में घुसकर कथित तौर पर चाकू घोंपने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने अदालत को बताया कि हमले के दौरान अभिनेता की रीढ़ के पास फंसा चाकू का टुकड़ा तथा घटनास्थल पर मिला एक हिस्सा शरीफ-उल से बरामद हथियार से मेल खाता है।

## पीसीबी ने कोर्बिन बॉश पर लगाया एक साल का बैन, आईपीएल खेलने के लिए छोड़ा था पीएसएल

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कोर्बिन बॉश को पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) से एक साल के लिए बैन कर दिया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने यह फैसला गुरुवार, 10 अप्रैल को सुनाया। बॉश ने पीएसएल 2025 सीजन की शुरूआत से पहले ही टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया था ताकि वे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में हिस्सा ले सकें। 30 वर्षीय बॉश को इस साल जनवरी में पीएसएल ड्राफ्ट के दौरान पेशावर जाल्मी ने डायमंड कैटेगरी में चुना था। लेकिन आईपीएल फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस ने उन्हें घायल लिजाड विलियम्स के स्थान पर रिप्लेसमेंट खिलाड़ी के



रूप में बुलाया। इसके बाद बॉश ने पीएसएल से अपना नाम वापस ले लिया और आईपीएल से जुड़ गए, जिससे पीएसएल से पहले ही वे टूर्नामेंट से बाहर हो गए। पीएसएल से बैन लगने के बाद कोर्बिन बॉश ने एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए अपनी गलती मानी और माफी मांगी। उन्होंने कहा ३मैं पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) से हटने के अपने फैसले पर गहरा खेद व्यक्त करता हूं और पाकिस्तान की जनता, पेशावर जाल्मी के प्रशंसकों और क्रिकेट समुदाय से दिल से माफी मांगता हूं। पीएसएल एक प्रतिष्ठित टूर्नामेंट है और मैं समझता हूं कि मेरे इस कदम से लोगों को निराशा हुई है। उन्होंने आगे कहा, मैं अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करता हूं और पीएसएल से एक साल के प्रतिबंध और जुमार्ने को भी स्वीकार करता हूं।

## हैम्शायर से जुड़ी एलिस पैरी, इंग्लैंड की घरेलू क्रिकेट में मचाएंगी धमाल

एजेंसी

**नई दिल्ली :** ऑस्ट्रेलिया की दिग्गज ऑलराउंडर एलिस पैरी इस गर्मी इंग्लैंड की घरेलू महिला क्रिकेट में हैम्शायर टीम की ओर से खेलती नजर आएंगी। हैम्शायर ने उन्हें महिला काउंटी क्रिकेट के पहले टियर वन टूनार्मेंट के लिए साइन किया है, जो महिला क्रिकेट में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। पैरी जुलाई में वाइटैलिटी ब्लास्ट के छह मुकाबलों में उपलब्ध रहेंगी, इसके साथ ही वह मेट्रो बैंक वन डे कप के दो मैचों में भी टीम का हिस्सा होंगी। यदि हैम्शायर फाइनल्स डे तक पहुंचता है, तो पैरी वहाँ भी टीम के लिए खेलेंगी। वह 4 जुलाई को चेस्टरफील्ड में द ब्लेज के खिलाफ डेब्यू करेंगी, जबकि 6 जुलाई को समरसेट के खिलाफ यूटिलिटा बाउल में पहली बार घरेलू मैदान पर उतरेंगी। एलिस पैरी का क्रिकेटिंग रिकॉर्ड उन्हें महिला क्रिकेट का लीजेंड बनाता है। उनके नाम छह टी-20 वर्ल्ड कप, दो वनडे वर्ल्ड कप, कॉमनवेल्थ गोल्ड और पाँच एशेज खिताब हैं। उन्होंने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ 16-0 की ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वह महिला एशेज में सबसे ज्यादा रन बनाने और विकेट



लेने वाली खिलाड़ी हैं। पैरी हाल ही में 2024 डब्ल्यूपीएल चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए खेलीं और 2025 डब्ल्यूपीएल में 372 रन बनाकर दूसरे स्थान पर रहीं, उनका औसत 93 रहा। हैम्शायर के साथ उनका कार्यकाल खत्म होने के बाद वह द हंड्रेड में बर्मिंघम फीनिक्स के लिए खेलेंगी, जहाँ उन्होंने पिछले सीजन कप्तानी की थी। एलिस पैरी ने क्लब की वेबसाइट से कहा, ३मैं इस गर्मी हैम्शायर टीम के साथ जुड़ने को लेकर उत्साहित हूँ। यह क्लब पिछले दस वर्षों से महिला क्रिकेट में अग्रणी रहा है और मुझे ऐसे रोमांचक समय में टीम का हिस्सा बनने का अवसर मिला है।

## फीबा ने 3X3 बास्केटबॉल टीमों की ओलंपिक कोटा वृद्धि के फैसले का किया स्वागत

**स्विट्जरलैंड :** अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल संघ (फीबा) ने 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक खेलों में 3X3 बास्केटबॉल टीमों ( महिला और पुरुष दोनों वर्गों में) की संख्या 8 से बढ़ाकर 12 किए जाने के अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के निर्णय का स्वागत किया है। फीबा ने इस फैसले को इस खेल के लिए एक मील का पत्थर बताया है।

फीबा ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा, यह विस्तार हाल के वर्षों में 3X3 बास्केटबॉल की लोकप्रियता और विकास को दशार्ता है। टीमों की संख्या बढ़ने से अधिक देशों को ओलंपिक मंच पर भागीदारी का अवसर मिलेगा, जिससे खेल की सार्वभौमिकता और व्यापक राष्ट्रीय प्रतिनिधित्व को बढ़ावा मिलेगा।बुधवार को आईओसी की कार्यकारी बोर्ड की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पेरिस 2024 ओलंपिक में शामिल 8 टीमों की तुलना में लॉस एंजेलिस 2028 में प्रति वर्ग 12 टीमें भाग लेंगी। फीबा अध्यक्ष शेख सऊद अली अल थानी ने कहा, ह्लहम इस निर्णय के लिए आईओसी के आभारी हैं। यह हमारे शहरी खेल को बढ़ावा देने हेतु एक बड़ी प्रेरणा है। पुरुषों और महिलाओं की प्रतियोगिताओं में चार-चार अतिरिक्त टीमों का जुड़ना इस बात का प्रमाण है कि टोक्यो 2020 और पेरिस 2024 में ओलंपिक बास्केटबॉल ने कितनी उत्सुकता और रुचि जगाई है।

फीबा के महासचिव एंड्रियास जाग्लिस ने कहा, ह्लआज का दिन फीबा और हमारे खेल के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। कोटा में हुई यह वृद्धि दुनिया भर के खिलाड़ियों और राष्ट्रीय संघों को यह सपना देखने का अवसर देती है कि वे गलियों और सड़कों से उठकर ओलंपिक तक पहुँच सकते हैं।

### तीसरी बार ओलंपिक मंच पर दिखेगा 3X3 बास्केटबॉल

गौरतलब है कि 3७3 बास्केटबॉल ने पहली बार टोक्यो 2020 ओलंपिक खेलों में पदार्पण किया था, और लॉस एंजेलिस 2028 में यह खेल तीसरी बार ओलंपिक कार्यक्रम का हिस्सा बनेगा। फीबा को उम्मीद है कि इस बदलाव से खेल को नई ऊँचाइयाँ मिलेंगी।

# भीषण गर्मी और लू की चपेट में मध्य प्रदेश, धार और रतलाम सबसे गर्म, राहत मिलने की उम्मीद

एजेंसी

**भोपाल :** इन दिनों मध्य प्रदेश भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। प्रदेश में सबसे अधिक तापमान रतलाम जिले में 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तो रात का सबसे कम तापमान 15.4 डिग्री पचमढ़ी में रिकॉर्ड हुआ। वहीं राजधानी भोपाल में गर्मी ने अप्रैल में सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इसी बीच मौसम विभाग ने आज शुक्रवार से तीन दिनों तक तेज गर्मी से राहत मिलने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार, मध्य प्रदेश में अगले 3 दिन तक तेज गर्मी और लू से थोड़ी राहत मिलेगी। मौसम विभाग ने भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन समेत 42 जिलों में बारिश होने, तेज आंधी चलने या ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। मौसम बदलने से दिन-रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट भी हो सकती है। मौसम विभाग का कहना है कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ), साइक्लोनिक सकुर्लेशन और टर्फ के एक्टिव होने की



वजह से बारिश, ओले और तेज आंधी का अलर्ट जारी किया है। इस वजह से लू का असर नहीं रहेगा। पारे में गिरावट होगी। शुक्रवार को मध्य प्रदेश के उत्तरी और दक्षिणी हिस्से के 17 जिलों में मौसम बदला रहेगा। ग्वालियर, चंबल, नर्मदापुरम, रीवा और जबलपुर संभाग के जिले- श्योपुर, मुरैना, भिंड, ग्वालियर, दतिया, शिवपुरी, अशोकनगर, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में हल्की बारिश, तेज आंधी और ओले गिर सकते हैं। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, सागर, शहडोल संभाग में मौसम साफ रहेगा। कुछ जगहों पर बादल छाए रह सकते हैं। शाम को बूंदाबांदी होने का अनुमान भी है। 12 और 13 अप्रैल को प्रदेश के ज्यादातर जिलों में मौसम बदला रहेगा। इससे पहले प्रदेश में गुरुवार को भी गर्मी का असर देखने को मिला। धार और रतलाम सबसे गर्म रहे। धार में 42.3 डिग्री, रतलाम में 42.2 डिग्री, खंडवा में 42.1 डिग्री, गुना-नर्मदापुरम में पारा 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसी तरह टीकमगढ़-दमोह में 41.8 डिग्री, सागर में 41.5 डिग्री, खरगोन-नौगांव में 41 डिग्री, मंडला में 40.8 डिग्री, सिवनी और शिवपुरी में पारा 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 41.3 डिग्री, इंदौर में 40.3 डिग्री, ग्वालियर में 39.6 डिग्री, उज्जैन में 41 डिग्री और जबलपुर में 40.6 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। दूसरी ओर, शिवपुरी में बारिश हुई। कई शहरों में बादल भी छाए रहे।

## बंगाल में कई जिलों में बारिश और आंधी का अलर्ट, तापमान में गिरावट

**कोलकाता :** चैत्र महीने के अंतिम चरण में पश्चिम बंगाल में मौसम ने करवट ली है। अलीपुर मौसम विभाग ने राज्यभर में बारिश और आंधी को लेकर चेतावनी जारी की है। दक्षिण बंगाल के कई जिलों में अगले सोमवार तक 'कालबैशाखी' (आंधी-तूफान) की संभावना जताई गई है। वहीं उत्तर बंगाल में सप्ताहांत के दौरान भारी बारिश हो सकती है। गुरुवार रात को कोलकाता समेत आसपास के इलाकों में तेज हवा और बारिश हुई। कहीं हल्की फुहारें तो कहीं झमाझम बारिश दर्ज की गई। अचानक हुए इस मौसम परिवर्तन ने गर्मी से राहत दिलाई। बारिश के कारण तापमान में भी बड़ी गिरावट आई। गुरुवार को शहर का न्यूनतम तापमान 26.1 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य के करीब था। लेकिन रात की बारिश के बाद शुक्रवार सुबह तापमान गिरकर 21.4 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। यह सामान्य से 4.2 डिग्री कम है। अलीपुर मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार तक दक्षिण बंगाल के सभी जिलों में कमोबेश बारिश और आंधी देखने को मिल सकती है। कई जिलों में येलो (पीला) और ऑरेंज (नारंगी) अलर्ट जारी किया गया है। कोलकाता में गरज-चमक के साथ बारिश होगी। तेज हवाएं 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती हैं। रविवार को हवा की गति बढ़कर 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। हावड़ा और हुगली जिलों में हवा की रफ्तार रविवार को 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक जा सकती है। बांकुड़ा, पूर्व बर्धमान, पश्चिम बर्धमान और बीरभूम जिलों के लिए भी इसी तरह की चेतावनी जारी की गई है।

# दिल्ली के चांदनी चौक से आज निकलेगी सम्राट विक्रमादित्य की शोभा यात्रा

- दिल्ली में कल से होगा तीन दिवसीय विक्रमादित्य महानाट्य का महामंचन

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश शासन द्वारा ह्यविक्रमोत्सव 2025ह्ल के अंतर्गत देश और प्रदेश की सभी पीढ़ियों को सम्राट विक्रमादित्य के जीवन चरित्र, विशेषकर उनके पराक्रम, शौर्य, दानशीलता, न्यायप्रियता और सुशासन से अवगत कराया जा रहा है। इसी शृंखला में दिल्ली में 12 से 14 अप्रैल तक लाल किला मैदान के माधव दास पार्क में सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का भव्य मंचन किया जाएगा। इसके पहले आज दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में फतेहपुरी, चांदनी चौक से लाल किला तक सम्राट विक्रमादित्य की शोभा यात्रा निकाली जाएगी।जनसम्पर्क अधिकारी जकिया रूही ने बताया कि महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा आयोजित इस महानाट्य में प्रस्तुति उज्जैन की विशाला सांस्कृतिक एवं लोकहित समिति द्वारा दी जाएगी। महानाट्य का लेखन पद्मश्री डॉ. भगवतीलाल राजपुरोहित और निर्देशन संजीव मालवीय का है। महानाट्य में विक्रमादित्य के जन्म से लेकर सम्राट बनने तक की गाथाएं लगभग 250 कलाकारों द्वारा प्रदर्शित की जाएंगी। महानाट्य के दृश्यों को सजीव बनाने के लिए पालकी, रथ, घोड़ों और एलईडी ग्राफिक्स के स्पेशल इफेक्ट का प्रयोग किया जाएगा।उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से राज्य सरकार ह्यविरासत से विकासह्ल के ध्येय वाक्य पर काम कर रही है। इसी क्रम में अतीत के गौरवशाली नायकों के जीवन के अलग-अलग पहलुओं को जनता के सामने लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। विक्रम संवत के प्रवर्तक सम्राट विक्रमादित्य का शासन काल भारतीय साहित्य, ज्योतिष, आयुर्वेद, गणित और चिकित्सा विज्ञान का स्वर्णिम युग भी रहा है, जिसे सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य के माध्यम से जीवंत कर जनता के बीच प्रस्तुत किया जाएगा।प्रदर्शनी और फूड कोर्ट में दिखेगी प्रदेश की मनमोहक झलक जनसम्पर्क अधिकारी जकिया रूही ने बताया कि कार्यक्रम में महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा ह्यविक्रमादित्यकालीन मुद्रा और मुद्रांकह्ल की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। भारतीय ऋषि वैज्ञानिक परंपरा पर केंद्रित ह्यआर्ष भारतह्ल प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें 100 से अधिक ऋषियों के जीवन और योगदान को प्रदर्शित किया जाएगा। जनसंपर्क विभाग द्वारा ह्यमध्य प्रदेश का विकास एवं उपलब्धियांह्ल विषय पर और पर्यटन एवं उद्योग विभाग द्वारा भी प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी।उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा कार्यक्रम स्थल में फूडकोर्ट लगाया जाएगा।

## रक्तदान शिविर को लेकर निकाली जागरूकता रैली

**भागलपुर :** आगामी 12 अप्रैल शनिवार को जिले के सुल्तानगंज प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सम्राट अशोक भवन में होने वाले रक्तदान शिविर को लेकर आम लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को सुलतानगंज थाना पुलिस, वैदिक जागृति मंच और मारवाड़ी युवा मंच के बैनर तले सुल्तानगंज थाना परिसर से नगर भ्रमण के लिए जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, शहर के प्रबुद्ध लोग श, स्थानीय लोग और बड़ी संख्या में विभिन्न स्कूल के छात्र एवं छात्राओं ने शिरकत किया।
जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों से अपील किया गया कि 12 अप्रैल को प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सम्राट अशोक भवन में पहुंचकर रक्तदान शिविर बढ़-चढ़कर भाग लें।
जागरूकता रैली में शामिल स्कूली बच्चों के हाथों में विभिन्न तरह-तरह के स्लोगन लिखे तख्ती लिए हुए थे। मार्च में शामिल लोगों ने रक्तदान महादान, रक्तदान है जरूरी इससे नहीं होती कमजोरी, अपने खून का दान करें, इस जीवन का कल्याण करें, रक्तदान जरूरतमंद के लिए जीवनदान आदि नारे लगा रहे थे। रैली नगर भ्रमण करते हुए पुनः सुल्तानगंज थाना परिसर पहुंचकर समाप्त हुई।

## कसबा लाठीचार्ज कांड पर तृणमूल सांसद सायनी घोष ने पुलिस के रवैये पर उठाए सवाल

एजेंसी

**कोलकाता :** कसबा में नौकरी गंवाने वाले अभ्यर्थियों पर पुलिस लाठीचार्ज को लेकर तृणमूल कांग्रेस की सांसद सायनी घोष ने पुलिस के रवैये पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं नहीं होनी चाहिए और किसी भी परिस्थिति में पुलिस का इस तरह का व्यवहार उचित नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि जिन लोगों की आजीविका चली गई है, जो योग्य उम्मीदवार हैं और जो वामपंथी तथा भाजपा की राजनीति के शिकार बने हैं, उनके प्रति पुलिस को और अधिक मानवीय रवैया अपनाना चाहिए। सायनी घोष के इस बयान के बाद राजनीतिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। सायनी घोष के बयान को लेकर विपक्ष ने तृणमूल कांग्रेस पर सीधा हमला बोला है। भाजपा के राज्यसभा सांसद शमीक भट्टाचार्य ने कहा कि सायनी घोष क्या कहती हैं, इसका कोई महत्व नहीं है, क्योंकि तृणमूल कांग्रेस को ममता बनर्जी ही संचालित करती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल की संस्कृति ही लाठीचार्ज की है और पुलिस की कार्रवाई दरअसल सरकार की मर्जी का प्रतिबिंब है।

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अशोक भट्टाचार्य ने भी पुलिस की भूमिका पर नाराजगी जताते हुए कहा कि शिक्षकों के प्रति पुलिस का जो रवैया रहा, उससे मुख्यमंत्री पर जनता का भरोसा अब लगभग खत्म हो गया है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि कोई भी संवेदनशील व्यक्ति पुलिस की इस बर्बरता की निंदा करेगा और यदि सायनी घोष ने ऐसा बयान दिया है तो उसमें कोई गलती नहीं है।

वहीं, माकपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक सुजन चक्रवर्ती ने कहा कि पुलिस ने कसबा कांड में क्रूरता और बर्बरता की नजीर पेश की है। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस अब उसी पुलिस के इशारे पर नाच रही है, जिसने आम जनता पर अत्याचार किया। सायनी घोष के बयान पर तृणमूल कांग्रेस की ओर से फिलहाल कोई औपचारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। वहीं, तृणमूल के अन्य नेताओं ने भी इस मुद्दे पर चुप्पी साध रखी है।

## बंद घर में चोरों ने की 20 लाख के स्वणार्भूषण समेत नगद की चोरी

**अररिया :** बंद घर में चोरी की वारदात रुकने का नाम नहीं ले रहा है।ताजातरीन मामले में फारबिसगंज थाना क्षेत्र के ढोलबज्जा गांव में बंद घर को निशाना बनाते हुए नगद समेत 18 से 20 लाख रुपए मूल्य के स्वणार्भूषण समेत करीबन एक लह लाख रुपए की नगद को चोरी कर ली। चोरों ने अतुल साह के घर में चोरी की वारदात को बीती रात अंजाम दिया।चोरी की घटना की जानकारी गृह स्वामी को सुबह में मिली। दरअसल गृहस्वामी अपने परिजनों के साथ अपने बड़े चाचा के निधन श्राद्धकर्म में भाग लेने के लिए गांव गया हुआ था।इसी क्रम में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया।घर में ताला लगाकर गृह स्वामी गुरुवार को ही गांव गया हुआ था और शुक्रवार के सुबह अगल बगल के लोगों के द्वारा घर के दरवाजे का ताला टूटा और ग्रिल खोला होने की जानकारी दी गई।जिसके बाद गृह स्वामी अतुल साह ढोलबज्जा स्थित आवास पर पहुंचे तो उन्हें अपने मुख्य दरवाजा का ताला टूटा हुआ पाया।साथ ही उनके कमरे में रखे गोदरेज का ताला तोड़कर चोरों ने उसमें रखे सारे जेवरात और करीबन एक लाख रुपए के नगद की चोरी कर ली।

## बिहार के पूर्वी चंपारण में प्रेमी जोड़े की हथौड़ा से पीट-पीट कर हत्या

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण :** बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के केसरिया थाना क्षेत्र स्थित त्रिलोकवां गांव में गुरूवार की देर रात प्रेमी-प्रेमिका की हथौड़े से सिर पर मारकर हत्या कर दी गई। मिली जानकारी के अनुसार प्रेमी लड़का अपने प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंचा था।जहां प्रेमिका के भाई ने दोनों को एक साथ एक कमरे में देखने के बाद गुस्से में आकर दोनों की मार कर हत्या कर दिया। दोहरे हत्याकांड के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैला हुआ है। पुलिस ने त्वतरित कारवाई करते हुए प्रेमिका के भाई अमन कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक की पहचान



विकास कुमार (24) और प्रिया कुमारी (22) के रूप में हुई है। घटनास्थल पर पहुंची एफएसएल की टीम साक्ष्य जुटाने में जुटी है। मृतक विकास की मां चिंता देवी ने बताया कि गुरुवार की रात 10 बजे के करीब मेरे बेटे विकास के फोन पर एक कॉल आया। जिसके बाद उसने कहा कि मां मैं प्रिया से मिलने जा रहा हूं। यह कहकर मेरे रोकने के बाबजूद रात में हो रही बारिश के बीच ही वह निकल गया।लगभग एक घंटे बाद विकास का फोन आया। उसने घबराते हुए कहा मां, मुझे प्रिया के घरवालों ने एक कमरे में बंद कर दिया है, भैया को भेजकर मुझे बचा लो। इसके बाद से उसका फोन बंद हो गया। बारिश तेज हो रही थी, इस वजह से मेरा दूसरा बेटा लड़की के घर नहीं जा सका। शुक्रवार की सुबह पता चला कि प्रिया के पिता और भाई ने मिलकर उसकी हत्या कर दी है। मृतक की मां ने बताया कि विकास और प्रिया के बीच प्रेम प्रसंग पिछले तीन साल से चल रहा था।विकास अक्सर प्रिया से मिलने उसके गांव आया जाया करता था।इस बात की जानकारी प्रिया के परिवार वालो को भी थी,लेकिन विकास के अपराधिक छवि के डर से यह लोग कुछ भी बोल नही पा रहे थे। हालांकि परिजनो ने प्रिया को बहुत समझाया कि विकास अपराधी प्रवृत्ति का है उस पर कई मामले दर्ज हैं। लेकिन प्रिया नहीं मानी।

# सराफा बाजार में तूफानी तेजी से ऑल टाइम हाई पर पहुंचा सोना, चांदी ने भी लगाई 4,200 रुपये की छलांग

एजेंसी

**नई दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय बाजार में आई तेजी के कारण घरेलू सरार्फा बाजार में आज तूफानी तेजी का माहौल बना हुआ है। सोना आज एक झटके में 2,700 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा होकर अभी तक सर्वोच्च स्तर तक पहुंच गया है। इसी तरह चांदी के भाव में भी आज 4,200 रुपये प्रति किलोग्राम की मजबूती दर्ज की गई है। सरार्फा बाजार में आई आज की तेजी के कारण 24 कैरेट सोना महंगा होकर 93,390 रुपये से लेकर 93,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 85,610 रुपये से लेकर 85,760 रुपये



प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दूसर ओर, चांदी के भाव में आए उछाल के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सरार्फा बाजार में आज 97,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 93,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 85,760 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 93,390 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 85,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 93,440 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 85,660 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 93,390 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 85,610 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 93,390 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 85,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।लखनऊ के सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 93,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 85,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 93,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 85,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 93,540 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 85,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सरार्फा बाजार में भी आज सोने के भाव में जबरदस्त तेजी दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 93,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### मिस अर्थ बांग्लादेश मेघना आलम को 30 दिन जेल में रहना होगा, कोर्ट ने सुनाई सजा

**ढाका :** बांग्लादेश की मशहूर मॉडल और मिस अर्थ बांग्लादेश 2020 की विजेता मेघना आलम को 30 दिनों तक जेल में रहना होगा। ढाका मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट सेफतुल्लाह ने मेघना आलम को नजरबंदी अधिनियम के तहत गुरुवार देररात लगभग साढ़े दस बजे 30 दिनों की जेल की सजा सुनाई है। ढाका ट्रिब्यून की खबर के अनुसार, अदालत के सूत्रों ने आज इसकी पुष्टि की। सूत्रों के अनुसार, मेघना आलम को डिटेक्टिव ब्रांच (डीबी) पुलिस ने रात करीब 10:30 बजे अदालत के समक्ष पेश किया। अदालत ने डीबी की याचिका मंजूर करते हुए मेघना की हिरासत का आदेश जारी कर दिया। आदेश में कहा गया है कि जन सुरक्षा और कानून व्यवस्था के हित में मेघना आलम को विशेष अधिकार अधिनियम, 1974 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के तहत 30 दिनों के लिए हिरासत में रखा जाएगा। बताया गया है कि उन्हें काशिमपुर जेल ले जाया जाएगा। बताया गया गया है कि बुधवार शाम मेघना फेसबुक पर लाइव थीं। मेघना का आरोप है कि खुद को पुलिस कर्मचारी बताने वाले व्यक्तियों ने उनके घर का दरवाजा तोड़ दिया। 12 मिनट से ज्यादा समय तक चली लाइवस्ट्रीम अचानक बंद हो गई और बाद में उसे हटा दिया गया। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश के निरोध अधिनियम के तहत, सरकार किसी व्यक्ति को औपचारिक अदालती कार्यवाही के बिना, आमतौर पर सार्वजनिक या राज्य की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के हित में एक निश्चित अवधि के लिए हिरासत में रख सकती है।

### शिमला के जोनांग बौद्ध मठ से दो नाबालिग भिक्षुओं का अपहरण

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के उपनगर संजौली के ऐतिहासिक जोनांग बौद्ध मठ से दो नाबालिग भिक्षुओं के अचानक गायब हो जाने से हड़कंप मच गया है। इनमें से एक की उम्र 12 और दूसरे की 13 वर्ष है। दोनों 10 अप्रैल की दोपहर 12 से दो बजे के बीच गायब हुए हैं। मठ से सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज कर लापता भिक्षुओं की तलाश शुरू कर दी है। जोनांग बौद्ध मठ के प्रबंधक पेमा फुंटसोक की थाना ढली में दर्ज करवाई गई गुमशुदगी की एफआईआर में यह विवरण दिया गया है। एफआईआर के अनुसार, दोनों बच्चे सामान्य दिनचर्या में शामिल हुए। इस दौरान उनकी किसी भी तरह की कोई असामान्य गतिविधि नहीं दिखी। जब मठ परिसर में उनकी तलाश की गई और वे नहीं मिले तब पुलिस को सूचित किया गया। लापता दोनों बच्चे अलग-अलग राज्यों से हैं। इनमें से एक का संबंध अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर जिला और दूसरे का पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग क्षेत्र से है। ढली पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) के तहत अपहरण का केस दर्जकर दोनों के गृह राज्यों की पुलिस को उनकी पहचान और उनके मूल निवास स्थान के बारे में सूचित किया है। ढली पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं। मठ के अन्य भिक्षुओं और कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है। यह मठ जोनांग टेकन फुत्सोक चोलिंग मठ के नाम से जाना जाता है। यह देश में इस परंपरा का इकलौता मठ है। इसकी स्थापना वर्ष 1963 में अमदो लामा जिनपा ने की थी। इसे पहले 'सांगे चोलिंग' के नाम से जाना जाता था। यह मठ संजौली की एक पहाड़ी पर है। यहां वर्तमान में 100 से अधिक भिक्षु रहते हैं। यह मठ तिब्बती बौद्ध परंपरा से जुड़ा हुआ है। यह मठ भिक्षुओं को बौद्ध धर्म की पद्धतियों के प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से संचालित होता है। यहां से प्रशिक्षित भिक्षु समुदाय की सेवा और शांति के संदेश के प्रसार में अपनी भूमिका निभाते हैं। मठ की विशेष परंपरा यह भी है कि भिक्षु तिब्बती रीति के अनुसार पहाड़ी की ऊंची चोटी पर रंग-बिरंगे प्रार्थना झंडे बांधते हैं। मठ प्रबंधन ने दोनों बच्चों के अचानक लापता होने पर चिंता जताई है। प्रबंधन ने आम लोगों से भी अनुरोध किया है कि यदि कहीं बच्चों के बारे में कोई जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस या मठ प्रबंधन को सूचित करें। शिमला पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि बच्चों की तलाश के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

### राजस्थान के बीस जिलों में आज आंधी-बारिश का अलर्ट

**जयपुर :** राजस्थान में आंधी-बारिश का दौर गुरुवार को भी जारी रहा। मौसम के इस बदलाव से राज्य के अधिकांश शहरों में दिन-रात के तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हुई। इस कारण गुरुवार को कुछ शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक इस सिस्टम का असर कई जिलों में शुक्रवार दोपहर बाद दिख सकता है। आसमान में बादल छा सकते हैं। वहीं, धूलभरी आंधी चलने के साथ हल्की बारिश, बूंदाबांदी भी हो सकती है। इसके लिए बीस जिलों में अलर्ट जारी किया गया है। धौलपुर के एकटा गांव में गुरुवार रात बिजली गिरने से एक खेत में काटकर रखी गई फसल जल गई। मौसम विभाग के मुताबिक इस सिस्टम का असर 12 अप्रैल तक रहेगा, जबकि 14 अप्रैल से एक बार फिर से प्रदेश में गर्मी तेज होगी और हीटवेव का दौर शुरू होगा। इससे पहले कल राज्य के दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा से लगते जिलों में आसमान में बादल छाए। झुंझुनूं, अलवर, सीकर, जयपुर, भरतपुर में दोपहर बाद बादल छाए और कुछ जगह धूलभरी आंधी चली।

भरतपुर-अलवर के यूपी से लगते इलाकों में कुछ जगहों पर देर शाम को हल्की बारिश, बूंदाबांदी हुई। राजधानी जयपुर में कल दिनभर आसमान साफ रहा और दिनभर धूप रही। दिन के साथ-साथ रात के तापमान में भी गिरावट होने से कई शहरों में रात में गर्मी कम रही। चित्तौड़गढ़ में न्यूनतम तापमान 22.9 डिग्री सेल्सियस, भीलवाड़ा में 22.5, जैसलमेर में 24.9, जालोर में 20.5, जोधपुर में 23.2 और अजमेर में 24.1 डिग्री सेल्सियस मापा गया।

### मैट्रिक परीक्षा परिणाम घोषित अमीषी सैकिया टॉपर

**गुवाहाटी :** असम में शुक्रवार सुबह 10:30 बजे माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सेबा) ने हाई स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट (एचएसएलसी) परीक्षा 2025 के नतीजे घोषित कर दिए। इस बार राज्य में पहला स्थान जोरहाट की अमीषी सैकिया ने हासिल किया है, जो प्रज्ञा एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा है। वहीं, दूसरा स्थान गुवाहाटी के सप्तर्षि बरदलै ने प्राप्त किया है, जो असम नेशनल स्कूल के छात्र हैं। तीसरे स्थान पर फिर से प्रज्ञा एकेडमी जोरहाट के छात्र अनिर्बान बरदलै रहे। 98.50 प्रतिशत के साथ 591 अंक प्राप्त किया है। दूसरे स्थान पर रहने वाले सप्तर्षि बरदलै ने सभी विषयों में लेटर मार्क्स हासिल करते हुए कुल 590 अंक प्राप्त किए हैं।

### कुलगाम जिले में एक तेंदुए को जिंदा पकड़ा गया

**कुलगाम :** वन्यजीव विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में एक तेंदुए को जिंदा पकड़ा एक अधिकारी ने बताया कि स्थानीय लोगों ने आज सुबह ओरियल कुंड गांव में तेंदुए को देखा। अधिकारी ने कहा कि निवासियों ने वन्यजीव विभाग को सूचित किया जिसके बाद एक टीम मौके पर पहुंची और जाल बिछाया। उन्होंने कहा कि घंटों की मशक्कत के बाद जानवर को शांत किया गया और बिना किसी नुकसान के उसे पकड़ लिया गया।

न्यूज ब्रीफ

## बच्चों का टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन



**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित डुमरी प्रखंड मे जुरमू पंचायत के बतसपुर गांव के आगंनबाडीं केन्द्र में बृहस्पतिवार को बच्चो का टिकाकरण आयोजन किया गया,जिसमें डी टी 2 एक पेंटा 3 तीन बच्चे, पेंटा 1 दो बच्चो एंव आई पी भी 3, पी सी भी को टिका लगाया गया। इस मौके पर ग्रामीण महिलाएं अपने बच्चों को बढ़ चढ़कर आगनबाडीं केन्द्र में लेकर आये और टीका दिलाने का कार्य किया उक्त केंद्र में तैनात एएनएम तेरेसा एक्का, सी एच ओ अमीना लकरा, एएनएम सुमित्रा केरकेट्टा एंव काग्रेंस जुरमू पंचायत अध्यक्ष अलेन पंकज टोप्पो सामिल हुवें।

## चक्रधरपुर जल पथ प्रमंडल कार्यालय वाहन पड़ाव में हुआ तब्दील



चक्रधरपुर जल पथ प्रमंडल इन दिनों अपने अधीन कार्यों के निष्पादन के बजाय अन्य कार्यों के फलस्वरुप काफी चर्चित है इस कार्यालय की विडंबना रही है कि निवर्तमान कार्यपालक अभियंता जिनका तबादला खूंटी हो गया है उनकी निरंतर अनुपस्थिति से विभाग के कार्य हमेशा प्रभावित होते रहे हैं जब कार्यपालक अभियंता ही अनुपस्थित रहेंगे तो अन्य लोगों के कार्य कितने संतोषजनक और बेहतर होंगे यह आसानी से समझा जा सकता है इस कार्यालय के समीप वाहनों का जमावड़ा वाहन पड़ाव के रूप में दिखाई पड़ता है। विभाग के कार्य कितने सुचारू रूप से होते हैं यह तो विभाग के लोग ही बता पाएंगे किंतु विभाग अधीन कार्यों की समुचित कार्यों की जानकारी लोगों तक नहीं मिल पाती ऐसा लोगों का आरोप है।

## धनबाद में पकड़ा गया सेक्सटॉर्शन गिरोह, फ्लैट से 3 लड़कियां भी मिलीं

**धनबाद :** धनबाद में बड़े सेक्सटॉर्शन गिरोह का पदार्फाश हुआ है। यहां मोबाइल पर व्हाट्सएप के जरिए कॉलगर्ल की तस्वीर भेज कर साथ में समय बिताने का ऑफर दिया जाता था। चंगुल में फंसने वालों का लाइव न्यूड वीडियो बना कर उन्हें ब्लैकमेल किया जाता था। साइबर थाना की पुलिस ने बैंक मोड़ के राजेंद्र मार्केट स्थित एक फ्लैट से सेक्सटार्सन (भयादोहन) करनेवाले गिरोह के मास्टरमाइंड सहित गिरोह की तीन लड़कियों को गिरफ्तार किया है। चारों को गुरुवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। साइबर डीएसपी संजीव कुमार ने पत्रकारों को बताया कि पुराना बाजार दरी मुहल्ला निवासी गणेश प्रसाद का पुत्र मनीष कुमार उर्फ मोंटी गिरोह का मास्टरमाइंड है। उसने अपनी दूसरी पत्नी नम्रता उर्फ नेहा की मदद से गिरोह से लड़कियों को जोड़ा था। राजेंद्र मार्केट के फ्लैट में हुई छापेमारी में गिरोह में शामिल धनबाद की राखी कुमारी, रिया गुप्ता और पूजा देवी को भी दबोचा गया है। पूछताछ के बाद चारों को जेल भेज दिया गया। छापेमारी में इंस्पेक्टर शिव बिहारी तिवारी, इंस्पेक्टर सरस्वती कुमारी मिंज आदि शामिल थे।

छापेमारी में पुलिस को आरोपियों के पास से 14 मोबाइल फोन के साथ 18 सिम कार्ड मिले हैं। मोबाइलों की जांच में पता चला कि मोंटी ऑनलाइन विज्ञापन जारी कर लोगों को फंसाता था। धनबाद से लेकर दूसरे राज्यों तक के लोगों को फंसा कर ये लोग ऑनलाइन भयादोहन कर रहे थे।

इस गिरोह ने पंजाब में भी कई लोगों को झांसा देकर रुपए ऐंठे थे। पंजाब में दर्ज हुई एक एफआईआर के जरिए गिरोह का मोबाइल नंबर रडार पर आया। रांची सीआईडी की टीम को प्रतिबिंब एप से मिली सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। धनबाद साइबर थाना की पुलिस ने छापेमारी कर चारों को पकड़ा।

## धनबाद से चंडीगढ़ के बीच सप्ताह में तीन दिन चलेगी स्पेशल ट्रेन

**धनबाद :** धनबाद से स्पेशल ट्रेनों की झड़ी लग गई है। रेलवे बोर्ड ने धनबाद स्टेशन से चंडीगढ़ के बीच एक साथ दो एसी स्पेशल ट्रेनों की सौगात दी है। जम्मूतवी गरीथ रथ स्पेशल की बोगियों से सप्ताह में दो दिन और धनबाद-एलटीटी एसी स्पेशल की बोगियों से सप्ताह में एक दिन धनबाद-चंडीगढ़ स्पेशल ट्रेन चलेगी। जून महीने तक दोनों स्पेशल ट्रेन 34 फेरे लगाएगी। दोनों स्पेशल ट्रेनें वाराणसी, लखनऊ, मुरादाबाद, गाजियाबाद, दिल्ली, अंबाला होते हुए चंडीगढ़ तक चलेंगी। शुक्रवार से स्पेशल ट्रेनों में बुकिंग शुरू होगी।

03313-03314 धनबाद-चंडीगढ़-धनबाद एसी स्पेशल ट्रेन धनबाद-एलटीटी स्पेशल की बोगियों से 12 ट्रिप चलेगी। 03313 धनबाद-चंडीगढ़ एसी स्पेशल ट्रेन 12 अप्रैल से 28 जून के बीच हर शनिवार को धनबाद से रात 11।50 बजे रवाना होगी। ट्रेन रात 12.14 बजे गोमो, पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा, गया, सासाराम, भभुआ, डीडीयू, सुबह 7.45 बजे वाराणसी, दोपहर 1.45 बजे लखनऊ, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, गाजियाबाद, दिल्ली, पानीपत रुकते हुए सोमवार की सुबह साढ़े चार बजे चंडीगढ़ पहुंचेगी। वापसी में 03314 चंडीगढ़-धनबाद एसी स्पेशल 14 अप्रैल से 30 जून के बीच हर सोमवार को चंडीगढ़ से सुबह छह बजे रवाना होगी। ट्रेन बुधवार की सुबह नौ बजे धनबाद आएगी। ट्रेन में 10 थ्री एसी इकोनॉमी बोगी के अलावा पांच-पांच थर्ड और सेकंड एसी बोगी जोड़ी जाएगी।

03311-03312 धनबाद-चंडीगढ़-धनबाद गरीब रथ स्पेशल 22 ट्रिप चलेगी। इस ट्रेन में गरीथ रथ की 18 थर्ड एसी की बोगियां जोड़ी जाएंगी। 03311-धनबाद गरीब रथ स्पेशल 15 अप्रैल से 27 जून के बीच हर मंगलवार और शुक्रवार को चलेगी। 03312 चंडीगढ़-धनबाद गरीब रथ स्पेशल 17 अप्रैल से 29 जून के बीच हर गुरुवार और रविवार को चंडीगढ़ से रवाना होगी। एलएचबी रेक से चलने वाली स्पेशल ट्रेन और गरीब रथ की रेक से चलने वाली स्पेशल ट्रेन की टाइमिंग, रूट और स्टॉपेज समान रहेगा। बता दें कि गरीब रथ की रेक से फिलहाल धनबाद से जम्मूतवी के बीच स्पेशल ट्रेन चल रही है।

# अवैध गांजा के 25 पैकेट बरामद, तस्कर गिरफ्तार

मेट्रो रेज संवाददाता

**गुमला :** गुमला पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह का नशामुक्त गुमला जिला बनानेवाले अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से गुमला जिले के समस्त थाना पुलिसकर्मियों को एलर्ट रहने के सख्त निदेर्शों के कारण ही , गुमला जिला अंतर्गत स्थित पालकोट थाना पुलिस ने एक ऑटो ( टेंपो ) चालक और एक गांजा तस्कर द्वारा ऑटो ( टेंपो )'में अवैध गांजा तस्करी के लियें लोड कर लें जा रहें 25 पेकेट अवैध गांजा बरामद किया है , गुमला पुलिस ने बताया की कल लगभग 11:45 बजे पुलिस को एक गुप्त सूचना मिली की एक टेंपो चालक और एक गांजा तस्कर की मिली भगत से सिसई गढ़ की ओर से एक ऑटो (टेंपो) में गांजा तस्कर द्वारा अवैध गांजे का बड़ा खेप लेकर बिहार से झारखंड क्षेत्र में प्रवेश करने वाले हैं, उक्त सूचना मिलते ही उक्त गुप्त सूचना को अपने उच्चाधिकारी गुमला पुलिस अधीक्षक ( गुमला जिला पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह ) महोदय को दी गई, जिसपर त्वरित कार्रवाई करते हुयें गुमला पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह ने अपने अधीनस्थ पदाधिकारीयों को एक दिशा निर्देश जारी करते हुयें, एक छापामारी दल का गठन करते हुए, उक्त गुप्त सूचना का सत्यापन और त्वरित कार्रवाई करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी की और उन्हीं के दिशा निर्देश का पालन करते हुए, उक्त पुलिस छापामारी टीम ने पालकोट चौक टोंगरी स्थित मुख्य मार्ग पर वाहन चेकिंग शुरू कर दी, इसी दौरान लगभग 13: 45 बजे एक संदिग्ध ऑटो ( टेंपो ) को आते देखा गया, जिसे पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया गया , तो उक्त ऑटो ( टेंपो ) चालक ने अपने ऑटो ( टेंपो ) को जंगल की ओर मोड़कर भागने लगा, जिसका पीछा करते हुयें पुलिस बल के तैनात जवानों ने उक्त ऑटो ( टेंपो ) का पिछाकरते हुए जंगल में चारों तरफ से घेरकर उक्त छापामारी दल के पुलिस जवानों ने ऑटो ( टेंपो ) चालक और गांजा तस्कर को दबोचने में सफल रहे, पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर गांजा तस्कर ने अपना पता गोसाईपुर सिवान , बिहार ) निवासी बताया और अपना नाम किशोर खैरवार ( पिता - भुट्टा खैरवार ) बताया, पुलिस जांच के दौरान उक्त ऑटो (टेंपो ) में लोड 25 पैकेट अवैध गांजा बरामद किया गया और तलाशी लेने पर उसके पास से हरे रंग का एक मोबाइल और दो सौः रूपया भी बरामद किया गया है, बाद में उन्हे पालकोट थाना लाया गया , जहां आवश्यक पूछताछ के बाद न्यायालय में प्रस्तुत कर गुमला जेल भेज दिया गया हैं।



## लाखों की शराब पलामू में जब्त, यूपी का तस्कर गिरफ्तार

**पलामूः** शराब तस्करी के खिलाफ पलामू पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पलामू में एक अंतरराष्ट्रीय शराब तस्करी रैकेट का पदार्फाश हुआ है। पुलिस ने गोवा से भूटान जा रही लाखों की शराब की खेप पकड़ी है। यह खेप एक ट्रक के जरिए पलामू के रास्ते भूटान जा रही थी। पुलिस ने शराब की खेप के साथ उत्तर प्रदेश के एक तस्कर को हिरासत में लिया है और उससे पूछताछ कर रही है।पलामू एसपी रीष्मा रमेशन को सूचना मिली थी कि शराब की बड़ी खेप तस्करी के लिए जाने वाली है। इस सूचना के आलोक में पुलिस ने पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र में जाल बिछाया था। इस जाल में एक ट्रक को रखा गया और जब उसकी तलाशी ली गई तो 1200 पेटी अवैध शराब पकड़ी गई।

# गुमला जिले के तीन आयुष्मान आरोग्य मंदिर ने प्राप्त किया एनक्यूएएस प्रमाणन

मेट्रो रेज संवाददाता

**गुमलाः** स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुमला जिले में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि जिले के तीन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) प्रमाणन में अपेक्षित स्कोर प्राप्त किया है।

फोरी, तेलगांव और उमड़ा के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों ने निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। फोरी केंद्र ने 90 प्रतिशत, तेलगांव ने 89 प्रतिशत और उमड़ा ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। ये तीनों केंद्र अब प्रमाणित स्वास्थ्य संस्थाओं की श्रेणी में शामिल हो गए हैं।

इस प्रक्रिया के तहत स्वास्थ्य सेवाओं का मूल्यांकन रोगी केंद्रित सुविधाएं, स्वच्छता, दस्तावेज प्रबंधन, संक्रमण नियंत्रण, आपातकालीन तैयारी तथा कर्मचारी प्रशिक्षण जैसे प्रमुख बिंदुओं पर किया गया। मूल्यांकन कार्य दो अलग-अलग राज्यों से आए बाहरी विशेषज्ञों द्वारा किया गया।



एनक्यूएएस प्रमाणन भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित एक प्रक्रिया है, जिसमें स्वास्थ्य संस्थानों का मूल्यांकन बाहरी मूल्यांकनकताओं द्वारा किया जाता है। यह मूल्यांकन रोगी केंद्रित सेवाओं, स्वच्छता, दस्तावेजों की गुणवत्ता, संक्रमण नियंत्रण, कर्मचारी दक्षता और आपातकालीन सेवाओं की तैयारी जैसे मापदंडों पर आधारित होता है।

इस प्रक्रिया के अंतर्गत विभिन्न राज्यों से आए बाह्य मूल्यांकनकताओं ने इन केंद्रों का निरीक्षण किया और प्रत्येक बिंदु पर अंक प्रदान किए। 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले स्वास्थ्य केंद्रों को प्रमाणन प्रदान किया जाता है।

यह सफलता जिला स्वास्थ्य विभाग की नियमित निगरानी, स्वास्थ्य कर्मियों की सतत मेहनत और सेवाओं में निरंतर सुधार के प्रयासों का परिणाम है।

जिला स्वास्थ्य विभाग आने वाले समय में अन्य आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को भी इस प्रमाणन की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि जिले में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा और भी विस्तृत हो सके।

# जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती मनाई गई

मेट्रो रेज संवाददाता

**सिमडेगा/कोलेबिरा :** वनवासी कल्याण केन्द्र की शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति, झारखंड द्वारा संचालित विवेकानंद शिशु-विद्या मन्दिर उच्च/ विद्यालय लचरागढ़ में दिनांक 10/04/2025 को जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राजेन्द्र साहू, किशोर भारती के अध्यक्ष भैया अजीत साहू, उपाध्यक्ष भैया सूरज कुमार सिंह, कन्या भारती के अध्यक्ष बहन शिखा कुमारी, उपाध्यक्ष बहन रंभा कुमारी ने संयुक्त रूप से भगवान महावीर, सरस्वती माता, भारत माता और सृष्टि का गर्भस्थल ॐ के समक्ष दीप प्रज्वलित, पुष्पार्चन, माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। भैया-बहनों में छुपी प्रतिभा को निखारने और झिझक दूर करने के उद्देश्य से विद्यालय में भगवान महावीर की जीवनी पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में भैया केदारनाथ सिंह, भैया सूरज सिंह, भैया संजीव कुमार, रेणु कुमारी, बहन सरस्वती कुमारी, बहन मेघा कुमारी ने भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान भैया केदारनाथ सिंह, द्वितीय स्थान भैया संजीव कुमार, तृतीय स्थान बहन रेणु कुमारी को मिला। इस अवसर पर आचार्या बिमला देवी, प्रगति कुमारी, आचार्य गणेश सिंह और सुदर्शन कुमार के द्वारा विस्तार पूर्वक महावीर जी के जीवनी पर प्रकाश डाला। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य के द्वारा भगवान महावीर और हाथी की कथा सुनाई गई, सत्य, अहिंसा, अच्छे कर्म, सात्विक जीवन के पथ पर चलने कि बात कही गई ।साथ ही उन्होंने कहा कि सदैव हमें उनके बताए गए मार्गो पर चलने की प्रेरणा लेनी चाहिए। धन्यवाद ज्ञापन कन्या भारती के अध्यक्ष बहन शिखा कुमारी के द्वारा किया गया। मंच का संचालन आचार्य सुदर्शन कुमार ने किया। इस सुभावसर पर प्रधानाचार्य श्री राजेंद्र साहू, जयंती सह कार्यक्रम प्रमुख श्री प्रमोद पाणिग्राही, विद्यालय के सभी भैया बहनों सहित आचार्य सुदर्शन कुमार, जगेश्वर सिंह, गणेश सिंह, अर्जुन महतो,आचार्या श्रीमती लक्ष्मी देवी, विमला देवी, दशरथी देवी, वसंती देवी, शुश्री शकुंतला कुमारी, निशि कुल्लू, रश्मि प्रधान, प्रगति सिंह, दीक्षित कुमारी, सुनीति कुमारी उपस्थित थे।



## जीएसटी की राशि को जमा करने का निर्देश

**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित घाघरा प्रखंड कार्यालय में विकास पदाधिकारी घाघरा द्वारा पत्र जारी कर घाघरा प्रखंड के छः मनरेगा भेंडर को डीएमएफटी एवं जीएसटी की बकाया राशि को एक सप्ताह के भीतर जमा करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने उपविकास आयुक्त गुमला के पत्रांक का हवाले देते हुवे पत्र में कहा है कि घाघरा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के योजनाओं में सामग्री राशि का भुगतान किया जाता है। जिसका जांच निदेशक, लेखा प्रशाशन एवं स्वनियोजन गुमला की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जांच दल द्वारा किया गया और बार बार निदेशित किये जाने के बाद भी रॉयल्टी डीएमएफटी एवं जीएसटी की गई , कटौती की राशि को भेंडरों द्वारा जमा नही किया गया है। जिस कारण सरकार को राजस्व की हानि हो रही है। पत्र जारी कर कहा गया है कि पत्र प्राप्ति के एक सप्ताह के भीतर राशि को जमा करते हुवे अधोहस्ताक्षरी को सूचित करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने सभी छः भेंडरों की डीएमएफटी की 58 ,186 रुपये एवं जीएसटी की 15 लाख 66 , 596 रुपये बकाये को लेकर पत्र प्रेषित किया गया है। इसके लिए कार्यालय द्वारा गुमला जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के खाते का डिटेल भेज राशि जमा करने को लेकर निदेशित किया गया है।

# बरवाअड्डा में ग्रामीणों ने कोल ट्रेनिंग कंपनी का ट्रक फूंका

मेट्रो रेज संवाददाता

**धनबाद :** बरवाअड्डा बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के बड़ा पिछड़ी पंचायत अंतर्गत कसिया टांड़ के ग्रामीणों ने विनायक कोल ट्रेडिंग कंपनी के संचालक कृष्णा सिंह पर जमीन हड़पने व पेड़ों की कटाई करने का लगाया। इस संबंध में ग्रामीणों ने कहा कि कृष्णा सिंह कसिया टांड़ स्थित एक जमीन पर लगे सैकड़ों पेड़ों की कटाई कर जेसीबी मशीन से जमीन पर चारदीवारी निर्माण कर जमीन को हड़प लिया है और ग्रामीण महिलाओं को तालाब आने जाने का रास्ता रोक दिया है। इससे ग्रामीण आक्रोशित होकर दर्जनों की संख्या में पहुंचे और ट्रक संख्या बीआर 02 जीए 9983 और जेसीबी मशीन का शिशा तोड़ दिया और ट्रक का अगला चक्का का हवा खोल दिया। वहीं ग्रामीणों का उग्र रूप देख कोल व्यवसाय के कर्मचारी मौके से भाग निकले। घटना की सूचना पर बरवाअड्डा थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि सदल बल पहूंच कर घटना की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि व्यवसाय से हमलोगों को मतलब नहीं। कृष्णा सिंह जमीन पर लगे सैकड़ों पेड़ों को कटवा दिया और जमीन का फर्जी दस्तावेज दिखा कर हड़प लिया। ग्रामीणों ने बताया कि इस रास्ते से ग्रामीण महिलाएं पुरुष तालाब नहाने धोने के लिए आते जाते थे। जो कृष्णा सिंह और उनके गुर्गों ने रास्ता बंद कर दिया है। इस संबंध में ग्रामीण शिवपूजन गोप ने बताया पेड़ों की कटाई और तालाब जाने का रास्ता बंद करने के विरोध में कई बड़े पदाधिकारीयों से शिकायत की थी। लेकिन जांच के लिए पदाधिकारी तो आते थे। लेकिन कार्रवाई नहीं करते थे। इससे ग्रामीणों का धीरे धीरे आक्रोश बढ़ता गया। अंततः ग्रामीणों का गुस्सा फुटा। वहीं इस संबंध में विनायक कोल ट्रेडिंग कंपनी के पार्टनर संजय सिंह ने बरवाअड्डा थाना में आवेदन देकर शिवपूजन गोप के नेतृत्व में ककसियाटांड़ के खिलाफ डीपो संचालक से 10 लाख रुपए रंगदारी, तोड़फोड़ एवं लूटपाट करने का आरोप लगाया है। दिये आवेदन में कहा है कि शिवपूजन गोप, भीम मास्टर, रघु गोप, टीकट महतो, रंगलाल महतो, दिगम्बर महतो, मंटू गोप, रघु महतो एवं अन्य 50 की संख्या में पुरुष महिला लाठी डंटा, फरसा एवं अन्य हथियारों से लैस होकर आया और डीपो लोड हो रहे ट्रक और जेसीबी मशीन को क्षतिग्रस्त करते हुए चालाक को जान से मारने की मंसा से लाठी डंटा से मारने लगा। चालक किसी तरह अपना जान बचा कर भाग निकला। श्री सिंह ने बताया कि उग्र भीड़ को डीपो की ओर आता देख डीपो के सभी कर्मी को भाग जाने का निर्देश दिया। शिवपूजन गोप के आह्वान पर भीड़ ने डीपो का गेट का ताला तोड़ कर अंदर प्रवेश कर गया और दो मोटरसाइकिल, एक फ्रीज, सीसीटीवी कैमरा, वर्तन, लेपटाप, कांटा, बेलचा तोड़ दिया। साथ ही भीड़ ने डीपो कार्यालय में रखे 2 लाख 50 हजार रुपए ले गये। श्री सिंह ने कहा कि विनायक कोल ट्रेडिंग कंपनी के संचालक डाक्टर कृष्णा सिंह से शिवपूजन गोप ने 10 लाख रुपए महीने का रंगदारी देने की मांग किया था, रंगदारी नहीं दोगे तो धंधा चलने नहीं देंगे। इस संबंध में पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सेमीफाइनल में मोहन बागान से हारी जेएफसी

**जमशेदपुर :** रिलायंस फाउंडेशन डेवलपमेंट लीग (आरएफडीएल) 2024-25 में शानदार प्रदर्शन करने वाली जमशेदपुर एफसी रिजर्व टीम का विजयी अभियान सेमीफाइनल में मोहन बागान सुपर जायंट्स के खिलाफ 5-1 की हार के साथ थम गया। अब जमशेदपुर एफसी तीसरे स्थान के मुकाबले में 14 अप्रैल को एफसी गोवा का सामना करेगी। मैच की शुरूआत में जमशेदपुर एफसी ने आक्रामक अंदाज में खेलते हुए 13वें मिनट में बढ़त हासिल की। फारवर्ड बिवन ज्योति लस्कर ने मोहन बागान की रक्षापंक्ति की गलती का फायदा उठाते हुए शानदार बाएं पैर से गोल दागा। हालांकि, मोहन बागान ने तेजी से वापसी की। 18वें मिनट में साहिल इनामदार ने लेइमपोकपम शिबाजीत सिंह के क्रॉस पर हेडर के जरिए बराबरी दिला दी। इसके बाद मोमेंटम पूरी तरह मोहन बागान के पक्ष में चला गया और उन्होंने हाफ टाइम से पहले दो और गोल दागे। 22वें मिनट में लोइतोंगबाम तैसन सिंह और 39वें मिनट में सेर्तो वॉर्नेलिन कॉम ने गोल कर पहले हाफ में 3-1 की बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ में जमशेदपुर एफसी वापसी की कोशिश में जूझती रही, लेकिन मोहन बागान ने अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखी। 72वें मिनट में सेर्तो वॉर्नेलिन कॉम ने लंबी दूरी से शानदार गोल कर अपना दूसरा गोल किया, और इसके छह मिनट बाद शिबम मुंडा ने गोल कर स्कोर 5-1 कर दिया। हालांकि, हार के बावजूद यह टूनामेंट जमशेदपुर एफसी की युवा टीम के लिए यादगार रहा। उन्होंने अपने ग्रुप में टॉप किया और कई प्रभावशाली प्रदर्शन किए। टीम अब एफसी गोवा के खिलाफ तीसरे स्थान के मुकाबले में जीत के साथ अभियान का अंत करने की कोशिश करेगी। एफसी गोवा को अपने सेमीफाइनल में क्लासिक एफए के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

## टैंकर की पानी बुझ रही बागबेड़ा के आधी आबादी की प्यास

**बागबेड़ा :** पंचायत क्षेत्र के आधी आबादी की प्यास टैंकर से सप्लाई पानी से बुझ रही है। बागबेड़ा महानगर विकास समिति के अध्यक्ष सुबोध झा ने बताया कि, टाटा स्टील अर्बन सर्विसेस के टैंकरों से घाघीडीह पंचायत के हरहरगुट्टू, इमली पेड़ मैदान में टैंकरों से पानी लोगों को उपलब्ध कराया गया। कीताडीह चर्च के समीप टैंकरों से पानी उपलब्ध कराया गया जबकि घाघीडीह भाजपा मंडल अध्यक्ष आनंद कुमार के देखरेख में टैंकरों से पानी दिया गया है। सांसद विद्युत वरण महतो के टैंकरों से समिति के संयोजक विनोद राम एवं पवित्रा पांडेय द्वारा बागबेड़ा के प्रधान टोला, बागबेड़ा नया बस्ती में पानी पहुंचाया गया है।

## बन्ना गुप्ता को आरएसएस पर टिप्पणी के लिए जदयू ने घेरा, माफी मांगने को कहा

**जमशेदपुर :** जनता दल (यूनाइटेड) पूर्वी सिंहभूम जिला अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने झारखंड के पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के विरोध में दिए गए बयान की कड़ी निंदा की है। उन्होंने बन्ना गुप्ता को अपनी गलतबयानी के लिए माफी मांगने की चेतावनी दी है। श्रीवास्तव ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि गुजरात के अहमदाबाद में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन के दौरान बन्ना गुप्ता ने आरएसएस पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि गुप्ता ने कांग्रेस के आला नेताओं को खुश करने के लिए घृणा भरी बातें कहीं और अपने निम्न स्तरीय विचारों का प्रदर्शन किया।

जदयू नेता ने बन्ना गुप्ता को स्वार्थ अनुसार दल और विचारधारा बदलने में माहिर कलाकार बताया। उन्होंने कहा कि गुप्ता कभी कट्टर हिंदू बनने का ढोंग रचते हैं तो कभी कट्टर अल्पसंख्यक और चुनावों में हिंदू धर्म को अपमानित करने में माहिर हैं। श्रीवास्तव ने कहा कि संघ के बारे में कुछ भी बोलने से पहले बन्ना गुप्ता को आरएसएस की शाखाओं में शामिल होकर संगठन के त्याग, तपस्या और बलिदान को समझना चाहिए।

# जेएसएफसी गोदाम में खाद्यान्न का किया गया निरीक्षण

मेट्रो रेज संवाददाता

**सिमडेगा :** झारखंड सरकार खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के दिशा निर्देश पर एडीएम सप्लाई जमशेदपुर श्री राहुल जी आनंद सिमडेगा दो दिवसीय दौरा पर पहुंचे। इस दौरान सिमडेगा सहित प्रखंड स्थित जेएसएफसी गोदाम में आवंटित खाद्यान्न का निरीक्षण किया गया। साथ ही गोदाम में आधुनिकीकरण और सुधार के लिए एजीएम के साथ बैठक भी किये। निरीक्षण के क्रम में आवंटित चावल, गेहूं, नमक व चीनी का निरीक्षण कर भंडार पंजी से मिलान किया। सभी डोर स्टेप डिलीवरी संवेदक को निर्धारित मात्रा में ही त्रिपाल से ढककर अनाज ले जाने का निर्देश दिया गया। साथ ही साथ साफ-सफाई एवं अनाज के रखरखाव को और बेहतर करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गरीबों के लिए अनाज का वितरण किया जा रहा है, जिसका सही तरीके से रख-रखाव करें। लापरवाही बरतने पर संबंधित पदाधिकारी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर एलआरडीसी-सह- जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्रीमती अरूणा कुमारी मौजूद थे।

